हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



12 अधीक्षकों ने मांगा अविवादित नामांतरण और बंटवारे का अधिकार






## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन जुआ खेल रहे युवक गिरफ्तार व रिहा

**भिलाई।** ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ दिया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जयंती नगर सड़क नंबर 3-4 के बीच दो युवक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे थे। मौके पर पहुची पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम जयंती नगर वार्ड 16 निवासी रियाज शेख और दिनेश बंजारे होना बताया है। पुलिस ने रियाज शेख के कब्जे से मोबाइल , एक कत्था रंग का डायरी, नगदी 2690 रुपए और दिनेशसे भी मोबाइल, नगदी 2310 रुपए जब्त किया।

### सब्जी व्यवसायी की हादसे में मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में सब्जी व्यवसायी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदनी पुलिस ने बताया कि 11 जुलाई की रात संतोष पटेल सब्जी बेचने कुरूद मार्केट गया था। रात को अपनी मोपेड सीजी 07 एलएफ 3640 से से अपने घर ग्राम अहेरी लौट रहे थे। इस दौरान एटमास्को कंपनी ग्राम बिरेभाट के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में संतोष गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल अहिवारा लेकर गए। जहां मौत हो गई।

### जुडवास तिहार आज

**दुर्ग।** उरला वार्ड में हर वर्ष की तरह इस बार भी जुडवास तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन प्रातः दस बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, वहीं शाम चार बजे से जसगायन किया जाएगा।

# स्वदेशी आदिवासी ज्ञान के संरक्षण के लिए आईआईटी व एफईएस के बीच हुआ करार

**आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के बीच समझौता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईआईटी भिलाई में आयोजित बैठक में आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (एफईएस) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों संगठन संयुक्त रूप से समस्याओं पर अनुसंधान परियोजनाएं विकसित करेंगे और सामाजिक रूप से प्रभावशाली अनुसंधान की दिशा में काम करेंगे, जो राज्य में स्वदेशी आदिवासी ज्ञान और ज्ञान के संरक्षण में भी मदद करेगा।

**ग्रामीणों के कानूनी अधिकारों को करेंगे सुरक्षित :** आईबीआईटीएफ आईआईटी भिलाई द्वारा स्थापित एक सेक्शन 8 कंपनी है और उद्यमिता, आर एंड डी , और एचआरडी और कौशल विकास को आगे ले जाने के लिए आईआईटी भिलाई के लिए नोडल केंद्र के रूप में कार्य करती है। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी (एफईएस) एक राष्ट्रीय अनुसंधान संगठन है जो देश भर में पारिस्थितिक बहाली की दिशा में दो कई दशकों से काम कर रहा है। एफईएस ग्रामीण समुदायों को उनके कॉमन्स के कानूनी अधिकारों को सुरक्षित करने, संसाधन प्रबंधन और शासन योजना तैयार करने और पर्यावरण सुधार का समर्थन करने के लिए सार्वजनिक निवेश तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।



### डॉ. बनर्जी कांस्य पदक से सम्मानित



आईआईटी भिलाई के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. संजीब बनर्जी को डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरी, हैदराबाद में आयोजित रसायन विज्ञान के 33वें राष्ट्रीय संगोष्ठी में रासायनिक विज्ञान के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। 1999 में स्थापित सीआरएसआई पदक भारतीय शोधकर्ताओं के अभूतपूर्व शोध को मान्यता देने का प्रयास करता है जिन्होंने रसायन विज्ञान में विभिन्न स्तरों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. बनर्जी की वैज्ञानिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और रासायनिक विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के उनके अथक प्रयास की एक खास पहचान है।

### जमीनी स्तर पर कार्य करें: राजीवप्रकाश

प्रशांत माथुर, सीईओ, आईबीआईटीएफ और नमिता मिश्रा, राज्य प्रमुख, एफईएस छत्तीसगढ़ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई भी इस अवसर पर उपस्थित थे, जिसमें उन्होंने आईआईटी भिलाई और एफईएस के बीच औपचारिक संबंधों की स्थापना पर संतोष व्यक्त किया और राज्य में जमीनी स्तर के समुदायों के लाभ के लिए गतिशील और मजबूत सहयोग की आशा व्यक्त की।

## जिले में 102 मिलीमीटर वर्षा हुई

# एक घंटे की झमाझम बारिश ने ट्विनसिटी को किया तर-बतर, उमस से बिगड़ने लगी लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लंबे समय से अच्छी बारिश की उम्मीद लिए किसानों के लिए रविवार का दिन राहत देने वाला रहा। पूरे दिन आसमान पर बदली छाई रही लेकिन शाम 4 बजे यह बरसी। एक घंटे तक इतनी झमाझम बारिश हुई कि 102.11 मिलीमीटर बारिश हो गई। सड़क किनारे की निकासी नालियां ऊफान पर आ गई। सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया। उसके बाद बारिश थम गई। फिर आम जन जीवन पहले की तरह चलने लगा। इधर जुलाई महीने में बारिश नहीं होने की वजह से लोगों की सेहत खराब होने लगी है। अस्पतालों में सर्दी,खांसी और बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। दस्त की भी शिकायतें शुरू हो गई है।



### एक दिन में 102 मिलीमीटर बारिश

14 जुलाई रविवार को अच्छी बारिश हुई है। जिले में एक ही दिन में 102.11 मिलीमीटर बारिश हुई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील दुर्ग में 7.0 मिमी, तहसील धमधा में 37.2 मिमी, तहसील पाटन में 20.2 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 27.04 मिमी एवं तहसील अहिवारा में 11.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। दुर्ग का आंकड़ा और भी ज्यादा बढ़ सकता है। इसलिए कि बारिश शाम 4 बजे से 5 बजे तक चली। जिसका रिकार्ड नहीं किया गया है।

### सेहत पर पड़ने लगा असर

ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान दुर्ग जिले में रविवार को 32.6 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव से लोगों के सेहत में भी असर करने लगा है। लोगों को फीवर, सर्दी, खांसी और दस्त जैसी शिकायतें हैं। अस्पतालों में पिछले दिनों से इस तरह के मरीज बढ़ने लगे हैं।

### ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका बीकानेर, नारनौल, धमोली, लखनऊ, डेहरी, रांची, बालासोर और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड तथा उड़ीसा के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, यह दक्षिण पश्चिम की ओर ऊंचाई के साथ झुका हुआ है।

### जिले में अब तक 155.1 मिमी औसत बारिश

जिले में 01 जून से 14 जुलाई तक 155.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 283.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 80.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 110.0 मिमी, तहसील धमधा में 123.7 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 141.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 191.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# नाबालिग से अनाचार करने वाला युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376 , 4, 5(जे)(2), 6, 8 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सुपेला निवासी 15 वर्षीय नाबालिक का पेट दर्द होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए। जहां डॉक्टर ने नाबालिग को गर्भवती होना बता दिया। नाबालिग से परिजनों ने पूछताछ करने पर बताया कि राज नामक युवक ने उसके साथ अनाचार करना बताया।

पुलिस ने खोजबीन करने के बाद सीट कव्हर बनाने का काम वाले युवक लक्ष्मी मार्केट इमामबाडा सुपेला निवासी मो. एजाज अली उर्फ राज को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में सुपेला टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# बीएसपी का सुरक्षा घेरा टूटा अंदर घुसकर किया तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- सीआईएसएफ के सुरक्षा पर उठ रहा है सवाल

बीएसपी में सुरक्षा व्यवस्था की पोल लगातार खुलती जा रही है। जबकि यहां का सारा क्षेत्र सुरक्षा में सीआईएसएफ के जवान लगे रहते है। मिली जानकारी के मुताबिक एक मानसिक रोगी प्लांट के भीतर अचानक प्रवेश कर गया। मानसिक रोगी भीतर में धर्मकांटा के पास पहुंचा और वहां के कर्मियों के साथ गाली गलौज कर तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया। टीएंडडी में वर्क स्टेशन धर्म कांटा में रात 8.30 बजे शराब के नशे में युवक गाली-गलौज कर रहा था। अचानक उसे कर्मियों ने देखा और सीआईएसएफ के जवानों को बुलाना शुरु कर दिया। युवक दरवाजे खिड़कियों में लगे कांच को तोड़ डाला। कर्मियों ने जब युवक से गाली गलौज करने से मना करने पर वह आक्रोशित हो गया। इसके बाद एक राडनुमा सामान हाथ में उठाया और तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया। यह देख भीतर बैठे कर्मियों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। मौके पर पहुचे सीएसएसएफ के जवानों ने युवक को पकड़कर पूछताछ किया। तब पता चला कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। शिकायत भट्ठी पुलिस से की गई है। यहां सुरक्षा के नाम पर लापरवाही हो रही है। जबकि जिस धर्मकांटा में युवक ने तोड़फोड़ की वहां से मात्र 500 मीटर की दूर पर सीआईएसएफ का चेकपोस्ट है।

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- मरोदा में बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहा था आरोपी

गांजा का अवैध परिवहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत चजुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीआरपी चौक मौहारी मरोदा में काले रंग का बैग में नशे का सामान लेकर दुर्ग जाने के युवक बस का इंतजार कर रहा था। नेवई



टीआई आनंद शुक्ला की टीम ने तुरंत युवक को उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम वार्ड 14 सड़क 3 कृपाल नगर कोहका निवासी रोशन स्टारली होना बताया। युवक के बैग की तलाशी लेने पर 3.552 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 24 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

# लूट के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- उतई थाना क्षेत्र की घटना, दो अपचारी बालक भी पकड़ाए

लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 209(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर ने बताया कि तालपुरी बी ब्लाक नेवई निवासी रूपेश कुमार देशलहरे ने शिकायत किया कि 11 जुलाई को अपनी बाइक से रानीतराई,जामगांव (एम) गया था। जहां से अपना निपटने के बाद अपने घर लौट रहा था। तभी ग्राम पंचायत महकाखुर्द के पास रात 11.30 बजे दो बाइक में 4 युवक अचानक पहुचे। रुपेश से लूटपाट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने युवक का मोबाईल, नगद 10 हजार, आधार कार्ड, एटीएम, चोला मण्डलम बिजनेस सेल्स लिमिट का विजिटिंग कार्ड लूटकर फरार हो गए। परेशान युवक तुरंत पुलिस थाने में शिकायत कराया। उतई टीआई विपिन रंगारी ने अपनी टीम को लूट के आरोपियों को पकड़ने लगा दिया। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि महकाखुर्द में हुए लूट को वारदात को अंजाम देने वाले युवक चरोदा के रहने वाले है। उतई पुलिस हरकत में आते हुए संदेह के आधार पर दादर शराब भट्टी के पास रहने वाला युवराज शिवारे, चरोदा बस स्टैण्ड मुकुल कुमार यादव, दो अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने स्वीकार किया कि लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों से बाइक सी जी 07 सी क्यू 1089, सीजी 07 एल डी 7627 और मोबाइल नगदी 7000 हजार,आधार कार्ड, एटीएम आदि जब्त किया गया। जब्त हुए सामनों की कीमत 1 लाख 77 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उतई विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

**एमएसएमई जिला उद्योग संघ ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता के समक्ष रखी मांग**

# मटेरियल खरीदी में 5 प्रतिशत एलडी और पेडिंग आर्डर पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एमएसएमई जिला उद्योग संघ दुर्ग की बैठक बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता के साथ उनके कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में एमएसएमई से संबंधित बहुत सारी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा समस्याओं का निदान भी हुआ।

बैठक के प्रारंभ में एमएसएमई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने अपने सहयोगियों का परिचय कराया, साथ ही बैठक में उपस्थित प्रबंधन के अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात सिलसिलेवार ढंग से वरिष्ठ उद्योगपति बृजमोहन अग्रवाल, अंकित मेहता, चरणजीत सिंह खुराना, सीपीडी के उपप्रभारी (एमएसएमई) शिवम बंसल इत्यादि ने अपनी बात रखी।



### एमएसएमई को इग्नोर न करें अधिकारी : झा

संघ के अध्यक्ष के.के.झा ने डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता से कहा कि बीच में एमएसएमई को कुछ प्रॉब्लम आ रहा था। जिसका मुख्य कारण यहां के अधिकारियों का कम्युनिकेशन गैप था, यह नहीं होना चाहिए। कोई भी संस्था हो, सब संयंत्र के लिए काम कर रहे हैं। एमएसएमई को इग्नोर न करें।यदि कोई काम नहीं करता तो समय-समय पर कार्रवाई करें। लेकिन किसी एमएसएमई उद्योग को तकलीफ ना हो इसकी चेष्टा होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप जैसे सुलझे व्यक्ति के रहने से एमएसएमई को कभी तकलीफ नहीं होगी। उन्होंने चिंता जाहिर की कि डीपी ज्यादा होने के कारण टाइम पर माल नहीं मिल पाता। यदि कोई इकाई समय पर माल नहीं देती तो मैनेजमेंट स्वतंत्र है वह नियमानुसार कार्रवाई कर सकती है। हमारी कोशिश यह होगी कि सभी इकाई समय पर माल दें।

### एमएसएमई के साथ अब नियमित बैठक

बैठक में यह मांग रखी गई कि एमएसएमई के साथ नियमित रूप से बैठक की जाए। बैठक में एमएसएमई की सहभागिता हो और उसे सूचना दी जाए। उद्योगों से संबंधित या फिर परचेस का मुद्दा हो सबकी सूचना दी जाए। बैठक में एमएसएमई के पदाधिकारियों ने 24 अगस्त को एमएसएमई डे मनाने की जानकारी देते हुए डायरेक्ट इंचार्ज दासगुप्ता को इस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

### एमएसएमई एक विशाल संगठनः दासगुप्ता

प्रबंधन की ओर से डायरेक्ट इंचार्ज दासगुप्ता ने कहा कि एमएसएमई एक विशाल संगठन है जो ऑल इंडिया लेबल पर है। खुशी की बात यह है कि यहां पर भी एमएसएमई कार्यरत हैं। उन्होंने अपने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब भी बैठक हो इन्हें सूचना दी जाए और इनकी बातों को प्राथमिकता में लिया जाए। जो जटिल समस्याएं हैं उन पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देने की जरूरत है। डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने 10 प्रतिशत की जगह 5 प्रतिशत एलडी का आश्वासन दिया। साथ ही पेंडिंग ऑर्डर जो 2022 तक है उन्हें रिव्यूह कर समाप्त किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीपीडी में नई इकाई जुड़ना चाहे तो वह विधिवत सूचना देकर जुड़ सकती है। जो सही इकाई होगी उन्हें काम मिलेगा। उन्होंने तत्काल अपात्र इकाइयों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बी कैटेगरी को ए कैटेगरी की सुविधा दिए जाने की शिकायत पर पहल की बात कही।

### महिला उद्यमी अपना प्रोडक्ट सामने लाएं

डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने नई जानकारी दी कि यदि एमएसएमई में कोई महिला उद्यमी या फिर एससी एसटी उद्यमी हैं तो वह अपना प्रोडक्ट ला सकते हैं।सेल की पॉलिसी के तहत यदि महिला उद्यमी होगी तो उनके प्रोडक्ट को रिजर्व किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लेबल पर इस तरह की महिला उद्यमियों को हमारी ओर से आमंत्रण है।

### 24 अगस्त को एमएसएमई डे

उन्होंने 24 अगस्त को आयोजित एमएसएमई डे पर कहा कि बीएसपी प्रबंधन इस कार्यक्रम को होस्ट करेगा। बैठक में प्रबंधन की ओर से ए के चक्रवर्ती ईडी (एमएम),डी एन करण मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), एस के गजभिए मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल), के सी मिश्रा मुख्य महाप्रबंधक (मटेरियल मैनेजमेंट) एवं मनोहर शर्मा महाप्रबंधक (एमएसएमई डेवलपमेंट सेल) तथा एमएसएमई की ओर से महासचिव अंकित मेहता, चरणजीत सिंह , श्रीभगवान अग्रवाल , बृजमोहन अग्रवाल, शिवम बंसल ,अभिजीत शुक्ला, मयूर कुकरेजा , निश्चय झा , सिमरनजीत सिंह , अंशुल जैन. एवं पीआरओ रवि शर्मा उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

# 700 से अधिक जर्जर स्कूलों की मरम्मत में फूंके 36 करोड़, अब शासन ने मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

जिले की स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए शासन की तरफ से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत आई रकम को लेकर अब जांच शुरू कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा जिले में कराए गए मरम्मत कार्य को लेकर विभिन्न बिंदुओं में जानकारी मांगी है। माना जा रहा है कि, इस मामले में राज्य शासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के 710 और समग्र शिक्षा के अधीन करीब 70 स्कूलों के मरम्मत कराए जाने के लिए 46 करोड 79 लाख रूपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी। पिछले गीष्मकाल में यह स्वीकृति जारी की गई थी। पिछले साल स्कूल सत्र शुरू होने के बाद भी मरम्मत कार्य पूरा नही हुआ। यही नहीं स्कूल मरम्मत के आलावा अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए 72 प्रस्ताव भेजे गए थे। इसमें अब तक 33 कमरा नही बन पाए है। शिक्षा विभाग के डीईओ अरविंद मिश्रा ने बताया कि, एंजेसी नगरनिगम और आरईएस को बनाया गया है। इधर आरईएस और निगम ने ऐसी लापरवाही बरती है कि, स्कूल सत्र शुरू होने के पहले कार्य ही नही कराया है। जिले में अभी 179 स्कूल अपूर्ण है, इसके बाद भी 36 करोड रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है। अगर जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों का भौतिक सत्यापन कराए जाए तो व्यापक पैमाने पर गडबडी मिलेगी।

## जिले के 780 स्कूलों की मरम्मत के लिए 40 करोड़ की मिली थी स्वीकृति

### इस प्रारूप में देंगे रिपोर्ट

शासन की तरफ से सभी जिला कलेक्टरों को पंद्रह दिनों के भीतर यह रिपोर्ट सौंपने कहा गया है। आदेश में कलेक्टरों को निर्धारित प्रारूप में शाला का नाम, स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, कार्य की भौतिक स्थिति, लागत, औचित्य एवं आवश्यकता, गुणवत्ता के संबंध में रिपोर्ट देने को कहा गया है। ऐसे में अब जिले में भी इस अनुसार रिपोर्ट तैयार करने का काम शुरू कर लिया गया है।



### शिक्षा सचिव ने जारी किए आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए विभाग द्वारा पूर्व में राशि जारी की गई थी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शासन को शिकायतें मिली है। उन्होंने सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति की जांच कराने के निर्देश और गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिले में भी अधिकांश कामों में गुणवत्ता अनुसार काम नहीं होने की लंगातार शिकायतें सामने आई है।

### निगम ने बगैर टेंडर कराए काम

नगर निगम दुर्ग द्वारा बगैर टेंडर स्कूलों के मरम्मत कराए जाने के लिए निर्देश जारी किया गया था। इस दौरान नगर निगम पर यह भी आरोप लगे थे कि, मंत्रियों के इशारे पर अपने चेहते ठेकेदारों को स्कूलों के मरम्मत का कार्य दिया गया था। उसे दौरान निगम प्रशासन द्वारा छोटी राशि होने के कारण टेंडर नहीं कराए जाने का हवाला दिया था। लेकिन बाहर राज्य शासन द्वारा कराए जा रहे जांच में इस पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### विधायक व महापौर ने किया पौधारोपण

दुर्ग। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत न्यू पुलिस लाइन कालोनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल सम्मिलित होकर पौधारोपण किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, एसपी जितेंद्र शुक्ला, पार्षद माहेश्वरी ठाकुर, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, डीएसपी लाइन चंद्रप्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, मनोज गोयल, राजेश गुप्ता एवं पुलिसकर्मी परिवार के साथ छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। विधायक व महापौर ने लोगों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### राज्य स्तरीय हॉकी चयन ट्रायल 17 से 19 तक

दुर्ग। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिये राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक सुबह 7 बजे से किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यो के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है।

### छग अधीक्षक और सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# अधीक्षकों ने मांगा अविवादित नामांतरण और बंटवारे का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

भू अभिलेख शाखा में कार्यरत अधीक्षक व सहायक अधीक्षकों ने पटवारी और तहसीलदारों के हड़ताल के बीच राज्य शासन को ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने अविवादित नामांतरण और बटवारा प्रकरण के निपटारे का अधिकार मांगा गया है। उनका मानना है कि, राज्य शासन द्वारा इस तरह के पहल किए जाने से राजस्व प्रकरणों के पेंडिंग केसेस में जहां कमियां आएगी, वही पक्षकारों को अभिवादित नामांतरण और बंटवारे से संबंधित प्रकरणों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

भू अभिलेख संघ ने राज्य शासन के नाम सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपकर अपने विभिन्न समस्याओं को पूरा कराए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पटवारी पिछले सप्ताह भर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, वहीं तहसीलदारों ने भी राजस्व के कार्यों में अनावश्यक दबाव का हवाला देते हुए हड़ताल पर चले गए हैं। इस बीच भू अभिलेख संघ ने राजस्व से संबंधित कार्यों में शिथिलता और तेजी लाने के लिए अभिवादित नामांतरण और बंटवारे का अधिकार मांगा है। उन्होंने हवाला दिया है कि, छ.ग. मे वर्तमान में अविवादित नामातरण एवं बटवारा के प्रकरण समय सीमा में निराकृत नहीं हो पा रहे है एवं अधिकांश नामांतरण प्रकरणों को तहसीलदार/नायब तहसीलदार द्वारा ₹नामांतरण की आवश्यकता नहीं₹ यह लिखकर निरस्त कर दिया जाता है। जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है तथा शासन की छवि धूमिल हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त कार्य पूर्व में ग्राम पंचायतों को दिया गया था। परन्तु ऑनलाइन कार्यवाही किये जाने के प्रावधानों के कारण ग्राम पंचायतों द्वारा अविवादित नामांतरण का निराकरण किये जाने में व्यवहारिक एवं तकनीकी परेशानी हो रही है। जिसके कारण अभिवादित नामांतरण का भार भी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के ऊपर है। संघ का कहना है कि, पूर्व में अधीक्षकों एवं सहायकों अधीक्षकों द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान पटवारियों के पास उपलब्ध नामांतरण पंजियों का भी निरीक्षण किया जाता था तथा लंबित अविवादित नामांतरणों का प्रमाणीकरण किया जाता था। वर्तमान स्थिति में अविवादित नामांतरण का कार्य शासन द्वारा ऑनलाइन किया जा चुका है, जिसमें न्यायालयीन प्रक्रिया की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। अतः आम जनता के हित में अविवादित नामांतरण एवं बटवारों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों से पृथक कर छ.ग. के अधीक्षक / सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को अधिकृत किये जाने हेतु आदेश जारी किए जाने की मांग की गई है। प्रदेश के सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख पद को राजपत्रित अधिकारी घोषित किए जाने की मांग की गई है। संघ ने सचिव, छ.ग. राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के नाम सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौपा है।

### भू-अभिलेख संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



### प्रभार नहीं मिलने पर करेंगे आंदोलन

ज्ञापन में कहा गया है कि, छ.ग. कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों का प्रभार नहीं दिये जाने के संबंध में शासन से मांग किया गया है। जिससे छ.ग. अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक संघ अकोशित है। क्योकि यह मांग असंवैधानिक है। ऐसी मांगो पर विचार नहीं किया जावे अन्यथा छ.ग. अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### 85 स्वीकृत पद में सिर्फ 29 पर अधीक्षक पदस्थ

छ.ग. में अधीक्षक भू-अभिलेख के कुल 85 स्वीकृत पद है जिसमें से 29 पदों पर अधीक्षक पदस्थ है तथा 56 पद रिक्त है। पदों के रिक्त होने के कारण भू-अभिलेख के कार्य प्रभावित होते है। प्रायः यह देखा गया है कि, अधीक्षकों के अधिकांश पद रिक्त रहते है। अतः सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को 03 वर्षो में अधीक्षक के पद पर नियमित रूप से पदोन्नति करने का प्रावधान किया जाए।

### एसडीएम के पास त्रुटि सुधार के प्रकरण पेंडिंग

अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटि में सुधार करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी को अधिकृत किया गया है, जिसके सबंध में तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आदेश पारित किया जाता है। राजस्व (भू-अभिलेख) अधिकारी संघ उक्त प्रक्रिया से अनावश्यक विलम्ब होने के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा शासन की छवि धूमिल हो रही है। अतः अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटि सुधार को सरलीकरण करते हुये निराकरण हेतु अधीक्षक, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को अधिकृत किया जाए।

# बढ़ते अपराध को लेकर आंदोलन करेंगे कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

आगामी दिनों शहर में लगातार बढ़ते अपराध और लाचार कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने उग्र आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। रविवार को आयोजित बैठक में कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी दी है। इस दौरान यह तय किया गया है कि, आगामी दिनों विधानसभा घेराव के लिए जनसमूह को साथ लेकर विधानसभा का घेराव करेंगे।

■ दुर्ग शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी ने ली बैठक

रविवार शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2024 प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के आदेशानुसार विधानसभा घेराव किया जाना है! विधानसभा घेराव के सफल हेतू दुर्ग शहर जिला के पदाधिकारी गणो की बैठक लिया गया पूर्व प्रदेश वेयर हाऊसिंग अध्यक्ष दुर्ग शहर विधायक अरुण वोरा ने बैठक दौरान कहा हमारे राज्य की लचर कानून- व्यवस्था लूट -पाट हत्या तथा विगत बलोदाबाजार मे घटीत आगजनी के विरोध मे 24 जुलाई 2024 विधानसभा घेराव कार्यक्रम पर दुर्ग शहर जिला कॉंग्रेस कमेटी के भारी कार्यकर्ता संघ प्रदेश के आमजनो के हित पर भाजपा सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद करेगी! आयोजन हेतू शहर नगर,ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटीयो, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ट विभाग युवा कॉंग्रेस, महिला कॉंग्रेस,एन. एस. यु. आई.,सेवा दल पदाधिकारी स्तर पर मे आयोजित विस्तार दिनांक अनुसार आवश्यक बैठक लेकर पदाधिकारीओ के आवश्यक जिम्मेदारी दे कर विधानसभा घेराव कार्यक्रम मे सहभागीता सुनिश्चित करेगी! आज के बैठक पर उपस्थित पूर्व वेयर हाऊसिंग अध्यक्ष विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, आर. एन. वर्मा,संदीप वोरा, शहर अध्यक्ष गया पटेल, प्रवक्ता नासीर खोखर, युवा महासचिव मोहित वालदे, विनीस साहू, अल्ताफ अहमद, राजकुमार साहू, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली आदि कॉंग्रेस जन उपस्थित थे!

### जिले में अब तक 155.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 01 जून से 14 जुलाई तक 155,1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 283.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 80.4 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 110.0 मिमी, तहसील धमधा में 123.7 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 141.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 191.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 14 जुलाई को तहसील दुर्ग में 7.0 मिमी, तहसील धमधा में 37.2 मिमी, तहसील पाटन में 20.2 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 27.04 मिमी एवं तहसील अहिवारा में 11.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण : कलेक्टर ने अभियान चलाकर निपटान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक शनिवार 13 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत एजेंडावार समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जिले के सभी नगरीय निकायों में नालों, सड़कों की सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का समुचित निपटान करने तथा गार्बेज फ्री सिटी की दिशा में अभियान चलाकर प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकायों को

■ कलेक्टर ने ली नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक



अधोसंरचना सहित विभिन्न मद अंतर्गत लंबित तथा आवास निर्माण को पूर्ण करने, राजस्व आय में वृद्धि करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 केंद्रीय मंत्रालय की पहल है रिड्यूस रियुज रिसाइकल की थीम पर आधारित है, जिसमें 4800 से ज्यादा शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाना है। बैठक में सहायक कलेक्टर एम भार्गव, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीएम छावनी भिलाई लवकेश ध्रुव और सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

# निगम ने आवासीय कालोनी में मनाया जल मड़ई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर कैच द रेन अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसे रोकने के लिए नगर निगम द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ा है। जल ही जीवन है इसे बचाने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चला रहा है। इसके तहत सोसायटी में जाकर लोगों को

■ कैच द रेन अभियान को तेजी से पूरा करने में जुटा



पानी के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत ऋषभ ग्रीन सिटी में कालोनी वासियों के साथ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सहित अफसरों ने वृक्षा रोपण किया। कार्यक्रम के बाद ऋषभ ग्रीन सिटी कालोनी में कैच द रेन के तहत जल मड़ाई कार्यक्रम के दौरान जल पुरुष समीर वखेड़े द्वारा मॉडल के माध्यम से लोगों को बताया कि कैच द रेन वर्षा जल संरक्षण उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गड्ढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच दरेन पिट बनाया जा रहा है। आवासीय कालोनी के पदाधिकारियो अध्यक्ष शिवलाल चक्रधारी एवं सचिव किशोर जैन, सुरेंद्र राजपूत, बियानी, जीतू राठी, श्री गांधी सहित समस्त कालोनी वासियों के बीच उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताया गया। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी द्वारा बताया कि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता विनोद मांझी, हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम, राजेन्द्र धबाले, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही सहित अन्य मौजूद रहें।

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता गुलाब सिंह पिता श्री शीतला प्रसाद सिंह, निवासी- क्वा नं 1 बी., सड़क नंबर एन.पी.ए. सेक्टर 04, भिलाई, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक पेश करता हूं:- 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि मेरे नाम पर ग्राम बठेना पटवारी हल्का न० 00033 रा० नि०- पाटन, तहसील पाटन, जिला- दुर्ग खसरा नं० 1250, क्षेत्रफल 0.3900 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। 3. यह कि, मेरे राजस्व अभिलेख में मेरे पिता जी का नाम शीतला प्रसाद त्रूटिवश दर्ज हो चुका है मेरे पिता जी का सहीं नाम शीतला प्रसाद सिंह है। 4. यह कि, मेरे द्वारा क्रय की गई भूमि की बयनामा में मेरे पिता जी का सहीं नाम शीतला प्रसाद सिह दर्ज है जबकि ऋण पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश शीतला प्रसाद व शीतल प्रसाद दर्ज हो गया है। शीतला प्रसाद सिंह व शीतला प्रसाद दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात मेरे पिता जी का नाम है। 5. यह कि, मेरे आधार कार्ड शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं पेन कार्ड में मेरे पिता जी का सहीं नाम शीतला प्रसाद सिंह दर्ज है। 6. यह कि, मैं अपने ऋण पुस्तिका एवं राजस्व अभिलेख में अपने पिता जी का सही नाम शीतला प्रसाद सिंह दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत है।

गुलाब सिंह
शपथकर्ता

### मेंटेनेंस के अभाव में मशीन हो रही कबाड़, डाक विभाग गंभीर नहीं

# आधुनिकीकरण के दौर में दम तोड़ती शहर की डाक सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

एक समय था जब संचार का सर्वश्रेष्ठ मध्य डाक सेवाएं हुआ करती थीं आधुनिकीकरण के इस दौर में जब संचार में जबरदस्त क्रांति आई है, दुर्ग स्थित पटेल चौक जिले की मुख्य शाखा जो संपूर्ण जिले का प्रतिनिधित्व करती है, यहां सुविधाओं के लाले पड़े हुए हैं, अधिकारी झांकने तक नहीं आते. रायपुर और भिलाई के बड़े अधिकारी तो फोन भी नहीं उठाते हैं।

■ डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था चालू नहीं

यदि आप कोई डाक बुक करने आता है, तो अधिकांश बिल 41.30 पैसे या 61. 70 पैसे जैसा बनता है, काउंटर में बैठने वालों के पास चिल्लर तो होता ही नहीं, अलबत्ता लोगों का समय खराब होता है, क्योंकि डिजिटल पेमेंट होने की व्यवस्था होते हुए भी यहां डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था चालू नहीं की गई है, रशीद की प्रिंटिंग मशीन पुरानी और खराब हो गई है उसमें सही ढंग से प्रिंट नहीं होता है लेकिन उसे बदला नहीं जा रहा है, वजन तोलने की मशीन में 10 ग्राम का भी वजन इस मशीन से ले जाता है तथा 20 किलो का वजन लिया जाता है, जो कि कुछ भी वजन बताती है उस मशीन का सत्यापन भी नहीं है, यहां वजन इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि यदि लिफाफे या पैकेट का वजन 1 ग्राम भी ज्यादा हो गया तो उपभोक्ता को 20 से 40 भी ज्यादा देने पड़ सकते हैं।



### काउंटर में हो रहा समय बर्बाद

डाक बुकिंग के लिए दो काउंटर हैं, उसमें भी अधिकांश समय एक काउंटर पर तो कोई बैठता ही नहीं है परंतु उसमें बहुत से और भी काम होते हैं इसलिए लोगों के घंटो खराब होते रहते हैं, और उसमें भी ऐसे नोसिखिये लोगों को बिठा दिया जाता है जिन्हें बुकिंग करने का आईडिया ही नहीं है ना ही ट्रेनिंग मिली है, नियम के अनुसार एक स्पीड पोस्ट बुकिंग की अवधि अधिकतम 3 मिनट की है, जिसका पालन हो ही नहीं रहा है।



### गेट के बाहर सड़ रहा जनरेटर

एक जनरेटर गेट के बाहर रखा रखा सड गया है, परिणाम स्वरूप लाइट गोल होने से सब कुछ बंद हो जाता है, कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है,सर्वर कभी भी डाउन हो जाता है यह रोजमर्रा की बात है, पब्लिक अफसोस करने के अलावा कुछ भी नहीं कर पाती, किसी भी खिड़की पर यह नहीं लिखा गया है कि यह किस बाबत है लोग भटकते रहते हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN
• FITTER 2 Year (10th Pass)
DHANORA
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम धनोरा जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### चिंगरी में माता शीतला शांति जुड़वास महोत्सव आज

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में माता शीतला शांति जुड़वास महोत्सव 15 जुलाई को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 11 बजे से कलश यात्रा गीत संगीत के साथ और शाम 4 बजे शीतला शांति पूजा, शाम 5 बजे प्रसाद वितरण और 5.30 बजे से संगीतमय माता भजन, इच्छुक बाहर से सभी मंडली अपना अपना प्रस्तुति प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर नव ज्योति बघधर्रा जस परिवार चिंगरी, गौरीनंदन जस एवं फाग झांकी मंडली चिंगरी, आदर्श नवयुवक फाग उत्सव समिति चिंगरी, शीतला समिति चिंगरी, दुर्गोत्सव समिति चिंगरी, सभी लक्ष्मी उत्सव समिति चिंगरी, सभी गणेत्सव समिति व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शीतला मंदिर के पुजारी सालिक राम निर्मलकर, चेतन यादव, महेंद्र पटेल, मनिकांत पटेल, राजेश्वर देशमुख ने दी।

### आज उपमुख्यमंत्री विजय पहुंचेंगे पाटेश्वर धाम

**भिलाई।** 1 जून से लगातार चल रहे 45 दिन की मंदिर संपर्क यात्रा का 15 जुलाई को श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम मां कौशल्या धाम में समापन होगा। समापन के अवसर पर सभा का आयोजन भी किया गया है। आगामी 21 जुलाई को मां कौशल्या धाम के द्वितीय तल का लोकार्पण होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सपरिवार उपस्थित रहेंगे। वहीं 15 जुलाई को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा जो कि बालोद जिला के प्रभारी मंत्री भी हैं श्री जामडी पाटेश्वर धाम आएंगे। वहां मां कौशल्या धाम का दर्शन करेंगे एवं संत राम बालक दास से आशीर्वाद लेंगे। इस अवसर पर 21 जुलाई को होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम के तैयारी की वे समीक्षा बैठक भी लेंगे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। दिनांक 15 जुलाई से श्री जामडी पाटेश्वर आश्रम में भागवत कथा भी प्रारंभ हो रहा है डोंगरगढ़ से तिलेंद्र महाराज 7 दिनों तक भागवत कथा का वाचन करेंगे 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा को भागवत कथा का समापन होगा संत राम बालक दास ने सभी को इस अवसर पर शामिल होने की अपील की है।

### पर्यावरण सुरक्षा के लिए सभी करें पौधारोपण



**जामगांव आर।** एक पेड़ माँ के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन व्यापी आव्हान को मूर्त रूप देते हुए जामगांव आर भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने ग्राम बटरेल में पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षित करने में योगदान की अपील किए। इस पावन कार्य में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थित थे। इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष दक्षिण पाटन कमलेश साहू के साथ नीरा बाई बैसाखिन बाई मनीश यादव, अशोक यादव, बेनी राम साहू, नीलू साहू, शेष कुमार, गोविंद साहू, पवन यादव, जीवराखन साहू, ईश्वर यादव ने सराहनीय भूमिका निभाए।

### परेशानी : नगर पंचायत पाटन के आला अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने सड़कों पर खुलेआम घूम रहे आवारा मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन नगर पंचायत का हृदय स्थल कहे जाने वाले भरर चौक में आज कल बहुत ही सुर्खियों में है। जो कि यहां सुबह से देर शाम तक मवेशियों के जमावड़ा लगा रहता है जिसमे पूर्ववर्ती सरकार में गौठान में मवेशी रखने के लिए योजना चलाया था जिसमे मवेशी गौठान में रखा जाता था, लेकिन आजकल अधिक मात्रा में मवेशी का जमावड़ा रोड में बैठा रहता है जिसमें आम लोगों को और दोपहिया वाहन इनके चपेट में आ जाता है। आए दिन रोजाना घटना जैसे हादसा बना रहता है। दुख की बात ये है कि पाटन नगर पंचायत का सीएमओ सौरभ वाजपेयी रोजाना अपनी गाड़ी में उसी रोड से आना जाना करता है फिर भी उनकी नजर क्यों नही पड़ती है। इससे साबित होता है कि पाटन सीएमओ जान के आनाजन बन रही है लेकिन घटना घट रही है और इस पर कोई कार्यवाही अभी तक नही किया गया है। पिछले साल वही रोड पर एक बच्चे की जान जाना पड़ा था फिर भी नगर पंचायत सीएमओ मौन है। अब देखना होगा कि इस मामले को संज्ञान में लेते है या नही या फिर खुला छूट मिलेगा। पूर्व सरकार आते ही किसानों के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की गई थी जिसमें नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के साथ-साथ गौठान व गोधन न्याय योजना जैसी योजनाएं भी शामिल थी, लेकिन धरातल पर यह तमाम योजनाएं स्थानीय प्रशासन के कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अभी तक सफल नहीं हो पाया है। सड़कों पर मवेशियों के बैठे होने के कारण हादसों को देखते हुए रोका छेका का गठन हुआ था। गोधन न्याय योजना को शुरुआत की गई थी, लेकिन क्षेत्र में यह योजनाएं दम तोड़ते नजर आ रही है। राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं जिससे कब दुर्घटना हो जाए यह कहा नहीं जा सकता। राहगीरों का आरोप है कि यहां के जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी योजनाओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण आवारा पशु दिनभर औऱ रातभर सड़को पर घूमते रहते हैं जबकि सभी जनप्रतिनिधियों को इस योजनाओं की जानकारी दी गई थी बावजूद इसके कोई जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे सड़कों पर हादसा होने की आशंका बनी रहती है। संकल्प योजना की शुरुआत हुई थी लेकिन शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में यह संकल्प सिमट कर रह गई है लेकिन योजना को गोधन योजना के बाद भी घरों के बजाय बाहर ही दिखाई दे रहे हैं। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी जैसी योजनाओं से लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं मिला है लेकिन अब तो गोबर दो रुपए किलो में बिक रहे थे इसके बाद भी गाय खुलेआम घूम रही है जिम्मेदार अभियान पर लीपा पोती लगा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था कि सड़क पर बैठे आवारा पशुओं पर लगाम लगाई जा सके। वहीं इस बात की जानकारी के लिए हरिभूमि के पत्रकार ने अपने मोबाईल से फोन लगाया गया तो पाटन नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी द्वारा फोन नही उठाया गया।

**सड़कों पर मवेशियों के बैठे रहने से होता रहता है एक्सीडेंट**



# दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ का चुनाव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ का चुनाव शनिवार को सामुदायिक भवन ग्राम कुथरेल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में दुर्ग जिले के धमधा, पाटन व दुर्ग विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग कुल 330 मतदाताओं में 180 ने भाग लिया। बैठक की कोरम पूर्ति होने के बाद निर्वाचन प्रक्रिया आरम्भ की गई इसके लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के ओमप्रकाश जायसवाल पर्यवेक्षक के रूप में सम्मिलित हुए। निर्वाचन अधिकारी अनेश देशमुख, होमन लाल सुधाकर थे। नामांकन में अध्यक्ष पद के लिए केशव बंटी हरमुख और सचिव पद के लिए पीलू पारकर के सिंगल नाम ही जमा हुए। दोनों पदों में निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इस प्रकार केशव बंटी हरमुख पुनः अध्यक्ष और पीलू पारकर दोबारा सचिव बने उक्त कार्यकाल 2028 तक रहेगी।

■ पुन: अध्यक्ष केशव बंटी और सचिव पीलू बने

**चुनाव सम्पन्न होने के बाद जीत का दिया प्रमाणपत्र**

चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने में टीकेश्वरी देशमुख, प्रदीप चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड, नवीन देशमुख, गुलाब बेलचंदन, दीपक विश्वकर्मा, मोहित साहू, दीपक चंद्राकर, संतोष साहू, संतोष यादव, दादु अहिर, भारत यादव, जेबा खान, ननकू चंद्राकर, कमलेश देशमुख, दीनदयाल देशमुख, पवन दिल्लीवार, प्रकाश यादव, ओम ओझा, नेमन लाल, पंकज दिल्लीवार, लाल कृष्ण देशमुख, महेश देशमुख, सुरेश यादव, गुलाब देशमुख, ओम प्रकाश यादव, खेमलाल पारकर, संतोष चंद्राकर, केशव साहू, बिरोदा, संतोष मानिकपुरी अछोटी, देवनारायण दिल्लीवार, शेखर चंद्र देवांगन, हेमंत बघेल, गोविंद ठाकुर, अशोक रिगरी, पीलेश्वर साहू, दिवाकर गायकवाड, राकेश हिरवानी, राजेश साहू, अजय चतुर्वेदी सहित समस्त पदाधिकारियों और कबड्डी से जुड़े वॉलिंटियर ने सहयोग दिया।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत मचांदूर के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों मे वृहद पौधारोपण किया गया। इस दौरान सरपंच दिलीप साहू ने बताया कि 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत मचांदुर में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया पौधा रोपण किया गया। 'एक वृक्ष मां के नाम अभियान' का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयास है जिससे जलसंरक्षण में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभा सके। इसके साथ ही भारत सरकार के 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के तहत ग्राम स्तर पर ग्रामवासियों को जलसंरक्षण करने हेतु शपथ भी दिलाया गया।इसके साथ ही अभियान के दौरान बेटियों के जन्म,शिक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का भी प्रचार-प्रसार किया । इस अवसर पर जनपद सदस्य लेखन साहू,सरपंच दिलीप साहू,उपसरपंच गजेंद्र कुमार साहू,पंच प्रवीण यदु,कुंती यदु,ललित देवांगन, रवि गोस्वामी, तुकाराम आदि उपस्थित थे।



### दिनेश बने सीए



**भिलाई।** सिंधी समाज, वैशाली नगर भिलाई के स्व. प्रभुदास कुकरेजा के पौत्र, नरेश कुकरेजा व दीपिका कुकरेजा के पुत्र दिनेश कुकरेजा को चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने पर बधाई दी गई। उनके इस उपलब्धि पर सिंधी समाज गौरवान्वित है।

### आंगनबाड़ी परिसर में किया पौधारोपण



**उतई।** एक पौधा मां के नाम योजना के तहत ग्राम पुरई के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक के परिसर में ग्राम पंचायत पुरई की सरपंच उमा रिगरी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मितानीन बहने अंजु साहू, महेश्वरी लहरी, कुसमलता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नेहा साहू, सहायिका पुष्पा यादव सहित ग्रामवासी एवं बच्चे उपस्थित थे।

# अपने मन को मंथन करना ही समुद्र मंथन हैः पंडित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

ग्राम छाटा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन समुद्र मंथन और श्री गणेश विवाह की कथा सुनाई। आचार्य पंडित पूरन शर्मा ग्राम अंडी डौंडी लोहारा वाले ने कथा सुनाते हुए कहा की समुद्र का मंथन जगत कल्याण के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि समुद्र मंथन की कथा का वर्णन पुराणों में मिलता है। अमृत प्राप्ति के लिए देवताओं और असुरों ने मंदराचल पर्वत और वासुकि नाग की सहायता से क्षीरसागर का मंथन किया। समुद्र मंथन के लिए ही भगवान विष्णु द्वारा कूर्म अवतार धारण किया गया। समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को पीने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया जिसके कारण वे नीलकंठ कहलाए। उन्होंने कहा की समुद्र मंथन को संपन्न करने के लिए उन्होंने मंदराचल को उखाड़ लिया और समुद्र तट की ओर ले चले। परंतु एक तो मंदराचल पर्वत बहुत भारी था और दूसरे उसे ले जाना भी बहुत दूर था इससे इंद्र, बलि आदि सब के सब हार गए। जब वे किसी प्रकार भी मंदराचल को आगे ना ले जा सके और उनका उत्साह भंग हुआ तो उन्होंने भगवान विष्णु की स्तुति प्रारंभ कर दी। उनकी स्थिति को जानकर भगवान विष्णु गरुड़ पर सवार होकर वहां प्रकट हुए। भगवान विष्णु ने एक हाथ से मंदराचल पर्वत को उठा कर गरुड़ पर रख दिया और स्वयं ही सवार हो गए। फिर देवता और असुरों के साथ उन्होंने समुद्र तट की यात्रा की। पक्षीराज गरुड़ ने समुद्र के तट पर मंदराचल पर्वत को उतार दिया। देवता और असुरों ने नागराज वासुकि को यह वचन देकर की समुद्र मंथन से प्राप्त होने वाले अमृत में तुम्हारा भी हिस्सा होगा उन्हें भी सम्मिलित कर लिया। इसके पश्चात उन लोगों ने वासुकि नाग को नेती के समान मंदराचल में लपेट कर भली-भांति समुद्र मंथन प्रारंभ किया। इसके बाद श्री गणेश विवाह की कथा सुनाई। रिद्धि सिद्धि के साथ श्री गणेश का विवाह को झांकी के माध्यम से कथा के साथ दिखाया गया। इस अवसर पर इस असवर पर प्रमुख रूप से परायण कर्ता सूरज मिश्रा रायपुर, नोहर यादव, मोंगरा यादव, बलदाऊ यादव, एमिन यादव, बलदाऊ यादव, जामवंतिन यादव, हरी यादव, सावित्री यादव, कविता यादव, किरण यादव, सुमन यादव, रेनू शर्मा, पार्वती यादव, उमा निषाद, भगवती साहू, ओम टंडन, शैल बघेल, सरस्वती साहू, उर्वशी साहू, मेघा वर्मा, संजय वर्मा, जगदीश यादव, भगवती विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।






## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।




### केसरा स्कूल के बच्चों को मिली स्टेशनरी सामग्री



**सेलूद।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा दानीपारा में सार्थक दानी एवं हर्षिता दानी के पुत्र ऋधान दानी के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी समान कापी, पेन्सिल, इरेजर, कटर और चाकलेट का वितरण किया गया। विगत वर्षों में दानी द्वारा बच्चों को पढ़ाई में उत्साहवर्धन के लिए स्टेशनरी समान वितरित करते हैं और विद्यालय को अन्य सहयोग भी प्रदान करते आ रहे हैं। दानी परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। दानी के इस सहयोग के लिए विद्यालय के शिक्षक नारायण प्रसाद साहू, अनकेश्वर प्रसाद महिपाल, हेमंत कुमार सेन, चेतन लाल साहू ने आभार व्यक्त किया।

# बीएसपी में मेन पावर कम होने का खामियाजा भुगत रहे ठेका मजदूर

## सैकड़ों श्रमिकों का ठेकेदार कर रहे चौतरफा शोषण, यूनियनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी में हजारों ठेका मजदूरों को ठेका एजेंसियों की मनमानी और प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उनके वेतन और अन्य सुविधाओं में कोताही बरतने के साथ काम का दबाव भी झेलना पड़ रहा है। पूरे सेल में सबसे ज्यादा ठेका मजदूर बीएसपी में कार्यरत हैं। यूनियनों ने मजदूरों का चौतरफा शोषण खत्म करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में ठेका मजदूरों की स्थिति निरतंतर बद से बदतर होती जा रही है। यूनियनों की सेल प्रबंधन और लोक प्रबंधन की मांगों और धरना प्रदर्शन के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है। अधिकतर मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही बोनस, भत्ते आदि सुविधाएं ही मिल रही हैं। मेन पावर कम होने के साथ मजदूरों पर वर्कलोड भी बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक ठेका कंपनियां मजदूरों के के खाते में वेतन की राशि डालने के बाद उनसे वापस लेकर काटकर वेतन दे रही हैं। कुशल, अर्धकुशल आदि सभी वर्ग के मजदूरों को बढ़ी हुई एडब्ल्यूए राशि भी नहीं दी जी रही है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि अधिकांश ठेका मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है। किसी को चार हजार तो किसी को पांच हजार रुपए वेतन मिल रहा है। छुट्टी का पैसा काट ले रहे हैं। बोनस भी सभी मजदूरों को नहीं मिलता।

### सेफ्टी किट में भी कोताही

बीएसपी में अधिकतर मजदूरों को सेफ्टी किट देने के मामले में भी कोताही बरती जा रही है। कई ठेकेदार सेफ्टी शू,कमर बेल्ट, चश्मे टूटेफूटे दे रहे हैं। कुछ तो दे भी नहीं रहे हैं। ठेकेदार बीएसपी द्वारा सेफ्टी किट के लिए मिलने वाली राशि पर डंडी मार रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन से सेफ्टी राशि से खुद मजदूरों को सेफ्टी किट दिए जाने की मांग की गई थी। इससे सभी मजदूरों को सेफ्टी किट मिलता। लेकिन अब तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### बीएसपी में है सबसे अधिक मजदूर

सेल की सभी यूनिटों में सबसे अधिक मजदूर भिलाई इस्पात संयंत्र में हैं। यहां 20 हजार से अधिक ठेका मजदूर काम कर रहे है। जबकि नियमित कर्मचारी मात्र 12 हजार है। नियमित कर्मी तेजी से रिटायर हो रहे हैं और भर्ती हो नहीं रही है। इसकी कीमत ठेका मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। ठेका मजदूर दस घंटे काम कर रहे हैं। ठेकेदार मजदूरों को बदल भी रहे हैं और दूसरे कार्यस्थल में भी भेज रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि विरोध करने में गेट पास छीन लेने की धमकी देते हैं।

## खबर संक्षेप

### कल्याण कालेज एनसीसी ने पेपर बैग डे मनाया

**भिलाई ।** 37 छग बटालियन एनसीसी द्वारा कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी एसडी कैडेटों ने पेपर बैग डे मनाया ।महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले० डॉ० हरीश कुमार कश्यप ने कहा कि किस प्रकार पर्यावरण की रक्षा के लिए दिवस को व्यवहार में अपनाने की जरुत है। पेपर बैग डे का थीम " स्टाप बैगिंग द प्लानेट गो बायो/ग्रीन" रखा गया है। एनसीसी अधिकारी ने कैडेट को शपथ दिलाकर प्रोत्साहित किया । सार्जेंट विक्रम सरकार व ऋषि सोनी ने पेपर बैग बनाकर डेमो दिखाया। वेस्ट का बेस्ट उपयोग कैसे कर सकते हैं जिससे "नो प्लास्टिक यूज़" के उद्देश को प्राप्त कर पर्यावरण की रक्षा कर सकने पर विचार रखे गए। कैडेट सोमदत्त व सचिन कुमार साहू ने अन्य कैडेटों को आवाहन किया कि खाली समय में हम वेस्ट पेपर से पेपर बेग बनाकर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। इस अवसर पर कैडेट पुष्पेंद्र, राजीव लाल, हरीश मोटघरे ,अर्पित यादव, विकास शुक्ला व गिरिराज ने पेपर बैग बनाए ।

### गुरु पूर्णिमा 21 को

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे से गुरु पूजन एवं 11 बजे से भजन संध्या एवं अतिथि आगमन एवं सम्मान समारोह एवं 3 दोपहर से ओम आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई संतोष ढीमर विनीता ढीमर के मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी।

## एचएमएस यूनियन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, समस्या दूर करने की मांग

# बायोमेट्रिक फोटो अटेंडेंस सिस्टम की विसंगतियों से कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- बाहर गेट में हो रही भीड और आनन-फानन में छूट रहे जरूरी काम

भिलाई इस्पात संयंत्र में बायोमेट्रिक फोटो अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के बाद यूनियनों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब सिस्टम में विसंगतियों और इसे ठेके पर दिए जाने का विरोध किया जा रहा है। भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस ने और भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस ने प्रधानमंत्री और इस्पात मंत्रालय को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

यूनियन के अध्यक्ष हरीराम यादव और महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि फेस रीडिंग द्वारा बायोमेट्रिक सिस्टम में जिस प्रकार की अनियमितता से कर्मचारी परेशान हैं। इससे जिस निजी कंपनी को ठेका दिया गया है उस पर प्रश्न चिन्ह उठना स्वाभाविक है। बीएसपी के कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स सहित कई मुद्दे लंबित हैं लेकिन इसे अनदेखी करते हुए बायोमेट्रिक सिस्टम को आनन फानन में बिना किसी यूनियन की सहमति के बगैर लागू किया गया है। भिलाई इस्पात के कर्मचारी कर्मठ और ईमानदार हैं। उच्च प्रबंधन को यदि ऐसा प्रतीत होता है कि इससे मैनपॉवर में वृद्धि होगी तो यह भ्रम है। पीएम को पत्र में बताया कि एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इसे लागू किया गया है। कर्मचारियों की मेहनत के बदौलत ही संयंत्र को 11 बार प्रधानमंत्री ट्रॉफी मिलना एक मिसाल है।

### निजी कंपनी को ठेका देने से लापरवाही की कीमत चुका रहे कर्मी



### बना बायोमेट्रिक पीड़ित संघ

भिलाई इस्पात संयंत्र में बायोमेट्रिक पद्धति से अटेंडेंस लगाने की प्रक्रिया से पीड़ित कर्मचारी बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली का विरोध करने के लिए रविवार को एकत्रित हुए । कर्मियों ने बायोमेट्रिक पीड़ित मंच बनाया और इसके संयोजक राजेंद्र परगनिहा चुने गए। श्री परगनिहा ने बताया आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। बताया कि प्लांट में बाथरूम लैट्रिन की व्यवस्था है ना ही रेस्टरूम है और न ही कैंटीन की अच्छी व्यवस्था है। 39 महीने का एरियर भी बकाया है। कर्मचारी बायोमेट्रिक अटेंडेंस के चक्कर में शिफ्ट ड्यूटी के कारण घरों में पानी पकड़ पा रहे हैं। नहीं अस्पताल जाने के लिए समय मिल पा रहा है।

### सुरक्षा पर ध्यान की जरूरत

वर्तमान समय कर्मचारियों के लिए चुनौती पूर्ण हो गया है। जिस प्रकार कर्मठता और भाईचारे की भावना से कर्मचारी अधिकारी मिलकर हर विभाग में मेनपॉवर कम होने के बाद भी उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे थे बायोमेट्रिक के बाद अब वह कुछ थम सा गया है।एचएमएस के मुताबिक विभागवार यदि उत्पादन पर नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा। यूनियन के मुताबिक कर्मचारी बायोमेट्रिक सिस्टम के विरोध में नहीं है लेकिन इसे लागू करने के पूर्व सुरक्षा की अनदेखी की गई है। सिर्फ मेन गेट के चौराहे की गोलाई कम करने से एवं तख्ती लेकर कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों को को संयंत्र के भीतर सड़क पर खड़ा कर सड़क सुरक्षा संदेश दिया जा रहा है। मेन गेट एवं बोरिया गेट पर कर्मचारी एवं ट्रैकों के एक रास्ते पर चलना दुर्घटना का महत्वपूर्ण कारण है।

### एकजुटता की अपील

एचएमएस के महासचिव श्री मिश्रा ने बताया कि संयंत्र के भीतर रीलिविंग सिस्टम है टॉयलेट, रेस्टरूम की स्थिति खराब है। ऐसी स्थिति में कर्मचारी कहां रहेंगे, इसकी प्रबंधन को चिंता नहीं है। बायोमैट्रिक अटेंडेंस का समझौता एनजेसीएस की में 14 जून 2014 में ही हो गया था, जिसे फरवरी 2015 में भिलाई इस्पात संयंत्र के नॉनवर्क्स में ट्रायल किया गया तथा 1 जून से लागू किया गया था उसे समय उन्हीं लोगो ने मौन स्वीकृति दी थी संयंत्र के भीतर लागू करने की स्थिति ना तब थी ना अब है । भिलाई इस्पात प्रबंधन द्वारा 2015 के सर्कुलर को वर्तमान में पुनः लागू किया है। बायोमेट्रिक लागू होने के पश्चात मैनपावर की कमी की पूर्ति के लिए प्रबंधन द्वारा नए ठेका श्रमिकों की भर्ती को बढ़ाया जा रहा है जो कार्य बीएसपी कर्मचारी के द्वारा किए जाते हैं उन्हें अब ठेका श्रमिकों के माध्यम से करवाया जा रहा है । यूनियनों को एकजुटता की जरुरत है।

# ट्रक से गांजे की तस्करी दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- कुम्हारी पुलिस ने पकड़ा
- मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई
- 19 .700 किलो गांजा, ट्रक जब्त

गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि उडिसा से ट्रक ओडी-17-एए-5980 के चालक रविन्द्र भुक्ता द्वारा अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने की फिराक में कुम्हारी भिलाई की ओर आ रहा है। पुलिस ने महेश इस्पात कंपनी के सामने अहिवारा रोड पर ट्रक को रोका और चेकिंग करने पर केबिन से दो सफर बैग में खाकी टेप से टेपिंग किया मिला। जिसमें पांच-पांच नग पैकेट 10 नग गांजा 19.700 किलो ग्राम गांजा जब्त किया। आरोपी कटक जिला बौध उडिसा निवासी रविन्द्र भुक्ता और गगन आनंद मेहर को गिरफ्तार किया गया।जिसकी कीमत 1 लाख 97 हजार रूपये आंकी गई है। आरोपियों से पुलिस ने ट्रक, 20 लाख, दो सफर बैग 1500 रूपये, स्मार्ट फोन, ड्रायविंग लायसेंस और गगन आनंद मेहर से उडिसा पुलिस कास्टेबल का आई कार्ड भी मिला है। उक्त कुल सामानों की कीमत 22 लाख 26, 500 रूपये आंकी गई है।

# बीएसपी फौलाद ढालने के साथ प्रतिभाएं भी गढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र उत्पादन और उत्पादकता ही नहीं बल्कि बहुमुखी प्रतिभाओं के मामले में भी कीर्तिमान बना रहा है। बीएसपी फौलाद ही नहीं बल्कि टैलेंट की भी खान है। सेल में सबसे ज्यादा टेक्नोक्रेड, खिलाड़ी, कलाकार और अवार्डी बीएसपी में हैं। आधी सदी से अधिक की यात्रा कर चुके बीएसपी फौलाद ढालने के साथ प्रतिभाएं भी गढ़ रहा है। पिछले साठ साल में बहुमुखी प्रतिभाओं के धनी सैकड़ों कार्मिकों मे अपने इंद्रधनुषी हुनर से भिलाई का नाम न सिर्फ देश बल्कि अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर रोशन किया है। बात चाहे टेक्नोक्रेड और और हुनरमंद कर्मवीरों को हो या फिर कलाकारों, खिलाड़ियों और विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार हासिल करन वाले कर्मियों अधिकारियों की हो। सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई और और प्रख्यात सितारवादक स्व. बिमलेंदु मुखर्जी व प्रख्यात पंथी नर्तक देवदास और पद्मश्री मूर्तिकार जेएम नेलसन से शुरु हुए कला रत्नों का सिलसिला अब तक चल रहा है। कलाकारों में प्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री उषाबाई बारले भजन और गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी,पामेला जैन, कलाकार सुप्रियो सेन, भारत भूषण परगनिहा, समीर कर्मकार, भालचंद शेगेकर व केके पाटिल जैसे फनकार संयंत्र में हैं तो ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद और साहीराम जाखड़ व पूर्व ओलंपियन हनुमान सिंह सहित कई गोल्ड मेडलिस्ट राष्ट्रीय खिलाड़ी भी बीएसपी की देन हैं। इप्टा के रिटायर कर्मचारी और वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि बीएसपी के योगदान से ही भिलाई का रंगमंच राष्ट्रीय स्तर का है और यहां के कई रंगकर्मियों रंगमंच के साथ छालीवुड से लेकर बालीवुड तक अपनी प्रतिभा के झंडे गाड़े।

### सर्वाधिक टेक्नोक्रेड

सेल की सभी यूनिटों में सर्वाधिक राष्ट्रीय व सेल पुरस्कार हासिल करने वाले बीएसपी के कार्मिक व अधिकारी हैं। साथ कुछ अधिकारी सेल स्तरीय संगठनो के राष्ट्रीय पदाधिकारी व टेक्नोक्रेड भी हैं। पद्म पुरस्कार के अलावा सेल के नेहरु पुरस्कार से अब तक सैकड़ों कार्मिक पुरस्कृत हो चुके हैं। टेक्नोक्रेट बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता व कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार व ईडी पवन कुमार जैसे से अनुभवी टेक्नोक्रेड यहां पदस्थ हैं। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर सेफी के चेयरमेन हैं। इसी तरह पेंटिंग में डहरवाल बहनों ने राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकारी में शहर का नाम रोशन किया वहीं सिविकसेंटर में आकर्षक अर्जुन रथ सहित कई चौराहों की कलाकृतियां बनाने वाले मूर्तिकार अंकुश देवांगन भी बीएसपी कर्मचारी हैं।

# रामानंद रिफेक्ट्री वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रिफेक्ट्री वर्कर्स यूनियन भिलाई के कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को मरोदा यूनियन कार्यालय आरपी चौक मरोदा में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी विजय शंकर शर्मा थे। कुल 7 पद का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। रामानंद देवांगन को तीन साल के लिये निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार बघेल, महासचिव के चंद्रशेखर, कोषाअध्यक्ष प्रशांत सिंह राजपूत, उपमहासचिव रोमेश ठाकुर, सचिव दलजीत सिंह मंथिर लाल का चुनाव हुआ।

# मच्छर का लार्वा मिला, पावर हाउस मार्केट में लोगों को जागरूक करने चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



फाइट द बाइट अभियान रविवार को पावरहाउस मार्केट में चला। स्वास्थ्य दल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त अभियान से पावर हाउस थोक फल मंडी अलंकर कंपलेक्स पहुंचा। दुकान दुकान जाकर व्यापारियों को समझाइए दे रहे थे । कुलर, पानी की टंकी, ड्रम,कंटेनर चेक करके खाली करवा रहे थे। इसी दौरान समीम फटाका दुकान पर जब पानी की भरा हुआ ड्रम खाली करवाया गया तो उसने बताया कि हम सुरक्षा के दृष्टि से पानी भर कर रखते हैं। पानी खाली करवाने पर पता चला उसमें से बदबू आ रही थी नीचे में मच्छर का लारवा मिला। दूसरा व्यापारी बोला हम तो व्यापार करने बैठे हैं । इन सब चीजों में हमारा ध्यान नहीं जाता है । इसी प्रकार थोक व्यापारियों के ड्रम, कुलर, पानी का टंकी, चेक किया गया । कई जगह गंदगी पाई गई व्यापारियों ने कहा हम तो केला पकाने के लिए पानी रखे हैं । इस प्रकार व्यापारी अपने और दूसरों के स्वास्थ्य के अनजाने में खिलवाड़ कर रहे हैं । चेंबर ऑफ कॉमर्स, थोक व्यापारी संघ एवं नगर निगम के बीच में सहमति बनी कि नगर निगम का सफाई गाड़ी 11 बजे दुकान दुकान जाकर कचरा कलेक्ट करेगी। सफाई जागरण अभियान के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स से अजय भसीन, सुनील मिश्रा, चिन्ना राव, मनोज मखीजा, पिंटू पांडे, आजाद सोनकर, प्रेम रतन, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी आदि उपस्थित थे।

## कर्मियों की समस्या पर हुई चर्चा

# बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक से महासंघ ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण आदि रही मांग

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर से मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने कर्मचारियों के पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण, ग्रेडेशन, पदोन्नति समेत विभिन्न समस्याओं के निराकरण लिए द्विपक्षीय वार्ता के लिए समय प्रदान किए जाने की मांग की। एमडी ने उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर शीघ्र ही बैठकर कर प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल के द्वारा कंपनी मुख्यालय में प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन ट्रांसमिशन अशोक कुमार वर्मा, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन डिस्ट्रीब्यूशन आर ए पाठक,उप महाप्रबंधक ट्रांसमिशन जीपी खंडेलवाल से मुलाकात किया। इसके अलावा दुर्ग बेमेतरा के संविदा कर्मी लोकनाथ साहू के सेवा बहाली,उच्च न्यायालय के आदेश पर चर्चा हुई। दो-तीन दिवस में सेवा बहाली की आदेश जारी जारी करने को कहा गया है। महासंघ ने मांगपत्र में विभिन्न लंबित श्रमिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रबंधन के द्वारा शीघ्र ही महासंघ के साथ बैठक कर चर्चा करेगी। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष बी एस राजपूत, महामंत्री नवरतन बरेठ, अभाविम महासंघ के अरुण देवांगन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष डी के यदु, कोषाध्यक्ष तेजप्रताप सिन्हा, कार्यालय मंत्री कोमल देवांगन, प्रदेश मंत्री शंकर नायडू व प्रमोद कुर्रे, संगठन मंत्री शिवेंद्र दुबे, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, पी कामेश्वर, मनोज मिश्रा, पी आदित्य समेत अन्य शामिल थे।



# सांसद बघेल से मिला एचएमएस यूनियन का प्रतिनिधिमंडल, जल्द दिलवाएं एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- इस्पात मंत्री से सेल कर्मचारियों की लंबित मांगें जल्द पूर्ण कराने की मांग



एचएमएस यूनियन से संबद्ध भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा व महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल से सेक्टर 5 निवास कार्यालय में मिला । सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों का एक ज्ञापन सौंपकर इस्पात मंत्री से जल्द निदान कराने की मांग की ।

ज्ञापन में बताया कि 1 जनवरी 2017 से लंबित सेल के आधे अधूरे वेतन समझौते को अंतिम रूप दिया जाना जरूरी है। वहीं नाइट शिफ्ट अलाउंस में अधिकारी और कर्मचारियों में हुए भेदभाव गूप रप दोनों के लिए 200 रुपए होनी चाहिए। जनवरी 2017 से अब तक एचआरए में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। 39 माह का लंबित बकाया एरियर्स अब तक भुगतान नहीं करने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। श्री मिश्रा ने अधूरे वेतन समझौता को जल्द पूर्ण कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के प्रेम सिंह चन्देल, जी जोगेंद्र राव, देवेन्द्र कुमार सिंह, एचएन भारती, वीके पाण्डेय, वीके पटेल, एनके सिंह, टीकाराम साहू, धनीराम सोनवानी, अशोक पंडा एवं विशाल कुमार शामिल थे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



यादों का फैशन


**लाइव इवेंट**

## आईआईटी इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी व इकोलॉजिकल सिक्योरिटी में समझौता



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में आयोजित बैठक में आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन आईबीआईटीएफ और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी एफईएस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

आईबीआईटीएफ आईआईटी भिलाई द्वारा स्थापित एक सेक्शन कंपनी है, जो उद्यमिता, आर एंड डी और एचआरडी और कौशल विकास को आगे ले जाने के लिए आईआईटी भिलाई के लिए नोडल केंद्र के रूप में कार्य करती है। फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी एफईएस एक राष्ट्रीय अनुसंधान संगठन है जो देश भर में पारिस्थितिक बहाली की दिशा में कई दशकों से काम कर रहा है। एफईएस ग्रामीण समुदायों को उनके कॉमन्स के कानूनी अधिकारों को सुरक्षित करने, संसाधन प्रबंधन और शासन योजना तैयार करने और पर्यावरण सुधार का समर्थन करने के लिए सार्वजनिक निवेश तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।

आईबीआईटीएफ सीईओ प्रशांत माथुर और नमिता मिश्रा राज्य प्रमुख एफईएस छत्तीसगढ़ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान आईआईटी भिलाई निदेशक राजीव प्रकाश उपस्थित थे। जिसमें उन्होंने आईआईटी भिलाई और एफईएस के बीच औपचारिक संबंधों की स्थापना पर संतोष व्यक्त किया और राज्य में जमीनी स्तर के समुदायों के लाभ के लिए गतिशील और मजबूत सहयोग की आशा व्यक्त की। दोनों संगठनो ने संयुक्त रूप से समस्याओं पर अनुसंधान परियोजनाएं विकसित करने और सामाजिक रूप से प्रभावशाली अनुसंधान की दिशा में काम करने की बातें कही। जो राज्य में स्वदेशी आदिवासी ज्ञान और ज्ञान के संरक्षण में भी मदद करेगा।

● बढ़ते बच्चों व बुजुर्गो के लिए सुबह का नाश्ता रखता है तंदुरुस्त। बता रही है एक्सपर्ट रुपाली

# सुबह का नाश्ता हो पोषण और ऊर्जा से भरपूर, दिनभर एक्टिव रहने हेल्दी ब्रेकफास्ट से करें शुरुआत

बच्चों के स्कूल शुरु हुए काफी दिन हो चुके है। लेकिन ट्विनसिटी में मौसम का मिजाज अभी भी प्रतिकूल बना हुआ है। कही तेज तो कही हल्की बारिश से उमस भरे मौसम से सभी परेशान है। जिसका असर खानपान पर भी पड़ रहा है। सभी जानते हैं कि स्वस्थ और पौष्टिक नाश्ता ना सिर्फ बच्चों और किशोरों, बल्कि वयस्कों और बुजुर्गों के लिए भी काफी जरूरी है। अगर आप अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंतित है तो सुबह सबसे पहले अच्छा नाश्ता जरूर करें। डाइटिशियन रुपाली नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि उम्र के साथ शरीर में भोजन की जरुरत कम होती जाती है क्योंकि शरीर की बढ़त में कोई ऊर्जा नहीं लगती। लेकिन यह बात याद रखें कि शरीर में मरम्मत का काम हमेशा चलता रहता है, अतः खानपान बेहद जरूरी है।



**भिलाई।** सही खानपान से आपका शरीर स्वस्थ रहता है। पर अच्छा खानपान आपके मस्तिष्क और शरीर के अच्छे से काम करने के लिए भी बेहद जरुरी है। सही नाश्ते के साथ दिन की शुरुआत अच्छे से होती है। नाश्ते का मुख्य उद्देश्य आपको पोषण प्रदान करना है, जिससे आप अपने कार्य आसानी से कर सकें। इसलिए नाश्ता न करना बिल्कुल सही नही होता है।

### स्वस्थ नाश्ता जो है फायदेमंद

सही नाश्ता हमारे शरीर और मस्तिष्क को काफी मात्रा में पोषण प्रदान करता है जिससे भूख मिटती है और व्यक्ति को सारा दिन कार्य करने के लिए शक्ति मिलती है। वैसे तो सही नाश्ते के अलावा भी कई अन्य चीजों की जरुरत होती है पर यह दिन का सबसे महत्वपूर्ण आहार होता है। क्योंकि नाश्ता आपको एक अच्छी शुरुआत देता है।

दिन का पहला आहार आपके ज्ञान और मस्तिष्क के विकास के लिए जरुरी होता है। इस वजह से यह बच्चों और किशोरों के लिए काफी फायदेमंद होता है। क्योंकि वे बढ़ती उम्र में होते है। ग्लूकोज मस्तिष्क के सही प्रकार से काम करने के लिए काफी जरूरी है, और रातभर भूखे रहने के बाद रक्त में ग्लूकोस के स्तर के कम होने की पूरी संभावना रहती है।

### स्कूली बच्चों के लिए क्या हो नाश्ता

आज कल लगभग सभी स्कूलों में हफ्ते भर के नाश्ते का मेन्यू तैयार कर किया जाता है। ताकि पालक उन्हें वहीं हेल्दी नाश्ता टिफिन में दे जिससे बच्चे को हर चीज खाने की आदत बन जाए और वह उसके हेल्थ के लिए फायदेमंद हो। बच्चों को वैसे तो मार्केट का चाउमिन, पिज्जा, बर्गर, पास्ता आदि फास्ट फूड पसंद आते है। मगर बच्चों के लिए अनहेल्दी फूड डेली खाना प्राब्लम क्रिएट कर सकता है, जिससे बच्चों में कम उम्र में ही हार्ट, किडनी, डायबिटिस, मोटापा, आदि परेशानियां आ सकती है। इसलिए हेल्दी फूड ही देना चाहिए।





### क्या दिया जाए टिफिन में

डायटिशियन रुपाली नायक ने बताया कि बच्चों को प्रत्येक दिन बदलकर नाश्ता देना चाहिए। जिसमें इडली, डोसा, ढोकला, उपमा, पोहा, पराठा, रोटी, अप्पे व कभी-कभी सेंडवीज भी दे सकते है। बच्चे को उनके उम्र के हिसाब से उतनी ही मात्रा में टिफिन दे, जिसमें वे उसे पूरा खा सकें। सुबह दूध अवश्य दें। दिन भर में कभी भी कोई एक फल जरूर खाने दी आदत डाले। बिस्किट या मैदे से बने आयटम को ज्यादा न खाने दे।

**एक्सपर्ट व्यू**

### जल्दबाज़ी करने से बचें

पेरेंट्स द्वारा आख़रि मिनट में जल्दी नाश्ता बनाने की कोशिश करने से यह भी हो सकता है कि आपके बच्चे को नाश्ता किये बग़ैर ही स्कूल जाना पड़े। इसलिए, उन्हें जल्दी तैयार करें ताकि उनके पास आराम से नाश्ता करने के लिए पर्याप्त समय हो। नाश्ते को पहले से अच्छी तरह से तैयार करें और बच्चे के लिए रखें। आख़री मिनट की हड़बड़ी से बचने के लिए, आपको एक दिन पहले ही रात में सोने जाने से पहले नाश्ते की प्लानिंग करनी पड़ सकती है। नाश्ता बनाने में बच्चों को भी शामिल करेंअपने बच्चे को नाश्ते की योजना बनाने और तैयारी करने के लिए शामिल करें।

### संतुलित आहार जरुरी, बने रचनात्मक

बच्चे बार बार एक ही चीज खाकर ऊब जाते हैं। चीजों को दिलचस्प रखने के लिए नियमित रूप से नाश्ते के विभिन्न ऑप्शन चुनें। आप नाश्ते को आकर्षक बनाने के लिए फलों और ब्रेड स्लाइस से कुछ मज़ेदार आकृति बना सकते हैं। दिन के शुरुआती कुछ घंटे ही आपके बच्चे के लिए आगे के लंबे दिन की तैयारी के लिए बहुत ज़रूरी होते हैं। नींद के दौरान लंबे समय तक भूखा रहने के बाद बच्चे के शरीर को पर्याप्त रूप से रिचार्ज करना पड़ता है। इसलिए,बच्चों के लिए सुबह ऐसा नाश्ता बनाएं जो पोषण और ऊर्जा से भरपूर हो। बच्चों को संतुलित आहार खिलाना बेहद ज़रूरी है, क्योंकि बचपन की यही आदतें भविष्य में उसे अच्छे खाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। जो बच्चे नियमित रूप से नाश्ता करते हैं वे स्वस्थ, ऊर्जावान, पढ़ाई लिखाई में तेज़, खेल कूद में आगे और सफ़ल व्यक्ति बनते हैं।



**सिटी इवेंट**

## बच्चों ने देखा चांद और तारे खगोलीय घटना की मिली जानकारी




**भिलाई।** बीआईटी दुर्ग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम बठेना में एक दिवसीय एस्ट्रोनॉमी अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें नौवी और दसवीं के विद्यार्थियों को विभिन्न खगोलीय घटनाओं की जानकारी दी गयी। जिससे बच्चे अंतरिक्ष की घटनाओं को समझ सके।

■ द एस्ट्रो क्लब ने आयोजित किया एस्ट्रोनॉमी अवेयरनेस प्रोग्राम।

इस एक दिवसीय प्रोग्राम में बच्चों को कॉसमॉस की जानकारी दी गई तथा विभिन्न एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम से उन्हें खगोलीय घटनाओं को समझाया गया। शाला में दोपहर को टेलिस्कोप द्वारा सूर्य में धब्बों को दिखाया और सौर कलंक की जानकारी दी गई। शाम होते ही बच्चों को अपने पलाकों के साथ आने का निमंत्रण दिया गया। जिसमें टेलिस्कोप द्वारा उन्हें चाँद तथा मुख्य तारों को दिखाकर उनके बारे में जानकारी दी गई।

प्रोफेसर सीएस रोबिनसन के नेतृत्त्व में द एस्ट्रो क्लब के विद्यार्थी व कार्यकर्ताओं में अभिषेक कश्यप, अक्षय श्रीवास्तव, प्रिया चौहान, विपुल वर्मा, आदित्य देशमुख, अपूर्व घोषाल, ओम जायसवाल, रुचिता वर्मा, ऋषभ त्रिपाठी, समिधा लीखा व श्रृष्टि द्वारा कार्यक्रम में सहयोग दिया गया।



# सीए ब्रांच के प्रथम चेयरमेन सहित 25 वर्ष पूर्ण कर चुके 13 सीए का हुआ सम्मान

**भिलाई।** सीए भिलाई ब्रांच में सीए दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रांच के सदस्यों ने सीए भवन में ध्वजारोहण किया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सीए के रूप में अपने 50 वर्ष पूर्ण करने पर वरिष्ठ सीए जेएल जैन का सम्मान भी ब्रांच द्वारा किया गया। साथ ही सीए के रूप में 25 वर्ष पूर्ण करने वाले 13 सदस्यों का सम्मान भी ब्रांच द्वारा किया गया।

ब्रांच चेयरमेन सीए राहुल बत्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष सीए दिवस के अवसर पर ब्रांच द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस वर्ष यह हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है, भिलाई ब्रांच के सदस्य सीए जेएल जैन जिन्होंने सीए के रूप में 50 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। सीए जेएल जैन जो कि भिलाई सीए ब्रांच के प्रथम चेयरमेन भी रहे हैं। सीए जेएल जैन भिलाई ही अपितु छत्तीसगढ़ के पहले सीए हैं जो विगत 50 वर्षों से सीए के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही सीए के रूप में 25 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके सीए सदस्यों का भी सम्मान किया।




इस अवसर पर मुख्य रूप से सीए अंकेश सिन्हा, सीए प्रदीप पाल, सीए पायल जैन, सीए राकेश ढोढी सहित बड़ी संख्या में सीए सदस्य उपस्थित थे।

## आज आएंगे आलमगीर अशरफ तकरीर और फातिहा में होंगे शामिल

**भिलाई।** कर्बला के शहीदों की याद में 10 रोज तक तकरीर, लंगर व फातिहा ख्वानी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में पैगंबर हजरत मुहम्मद के वंशज आले नबी औलादे अली फर्जंद ए गौसे आजम हुजूर हजरत सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी आज भिलाई पहुंचेंगे।

अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार के सदर हुसैन अली अशरफी ने बताया कि हजरत आलमगीर सोमवार दोपहर 2 बजे भिलाई पहुंचेंगे। शाम के वक्त मगरिब की नमाज जामा मस्जिद सेक्टर-6 में पढ़ाएंगे। यहां सैयद आलमगीर कर्बला के शहीदों के वाकयात बयान करेंगे। इसके बाद रात 9.30 बजे इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा सड़क 20 जोन-1 खुर्सीपार भिलाई में जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला में शामिल होंगे। यहां हजरत आलमगीर द्वारा समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली शख्सियतों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद रात 12 बजे इमामबाड़ा पर इमाम हसन की चौकी की फातिहा होगी। उन्होंने बताया कि 10 मोहर्रम तक रोजाना सुबह 8 बजे से 10 बजे तक कुरआन ख्वानी जारी है। वहीं रात में तकरीर के बाद रोजाना लंगर में बड़ी तादाद में लोग शामिल हो रहे हैं।

**नैतिक शिक्षा संस्कार शाला में बच्चों को बना रहे संस्कारवान**

# बच्चों को नैतिक शिक्षा से संस्कारवान बनाना जरुरी, शाला में दे रहे व्यावहारिक ज्ञान

**कार्नर न्यूज**

बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार देकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा नैतिक शिक्षा संस्कार शाला कार्यक्रम का आयोजन गांधी विद्यापीठ विद्यालय राधिका नगर के सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को नैतिक शिक्षा के अंतर्गत बच्चों में बड़ों को सम्मान देना, अनुशासन, ईमानदारी, करूणा, दयालुता, आज्ञाकारी, सेवा भावना, कर्तव्य बोध, जिम्मेदारी, देशभक्ति आदि अच्छी भावनाओं को व्यावहारिक ज्ञान देकर अपने आचरण में शामिल करना सिखाया जा रहा है।



### युवाओं में नैतिकता का हो रहा हनन

मुख्य वक्ता घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों एवं युवाओं में नैतिकता का हनन हो रहा है। उनके मन में अपने से बड़ों के प्रति आदर एवं मान सम्मान की भावना खत्म होते जा रही है और आपराधिक प्रवित्तियां बढ़ती जा रही है। इसलिए विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के माध्यम से संस्कारवान बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे आगे चलकर श्रेष्ठ नागरिक बन सकें। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुरक्षा, अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा नियमों आदि की जानकारी भी दी जाएगी। इस अभियान को प्रभावशाली बनाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बच्चों के पालकों को भी इससे जोड़ कर उनका सहयोग लिया जा रहा है। संस्कार शाला कार्यक्रम को वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, गजानंद साहू, बलबीर सिंह सहगल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को प्रेरक प्रसंगों एवं अनेक दृष्टांतों के माध्यम से अच्छे गुण अपनाकर संस्कारवान बनने प्रेरित किया। संस्कार शाला कार्यक्रम में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के पदाधिकारियों के अलावा गांधी विद्यापीठ शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार, प्राचार्य ओ.पी. सिंह, प्रधानपाठक एम.आर. शर्मा, शिक्षक स्टाफ प्रशांत चौधरी, कल्याणी परगनिहा, भुनेश्वरी साहू, एम. दत्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रिषिका चटर्जी एवं आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर परगनिहा ने किया।



## समाज इवेंट

# नीम, पीपल और चंपा के पौधे रोपित कर लिया संकल्प



**भिलाई।** एक पेड़ मां के नाम इस्पात नगर रिसाली में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस्पात नगर रिसाली विकास एवं पर्यावरण समिति द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुवात साई बाबा मंदिर प्रांगण से की गई। प्रांगण के उद्यान में भी वृक्षारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नीम, पीपल, गुलमोहर, बेल, चंपा के पौधों को रोपित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सांसद प्रतिनिधि पप्पू दीपक चंद्राकर उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर मातृ भूमि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी को अपना कर्तव्य निभाते हुए एक पेड़ मां के नाम पर हर जगह लगाकर अपना फर्ज निभाना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस्पात नगरी के लोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं जो सराहनीय कार्य है। रमेश शर्मा ने कहा कि समाज को आज ज्यादा संगठित और अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है पर्यावरण संरक्षण हम सभी के साथ होने पर ही सुरक्षित रह पाएगा। इस अवसर पर शैलेन्द्र शिंदे, भानू राव, शकुंतला देवी, राजेंद्र सिंह, संध्या मंडलोई, तरसेम कौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संयोजिका बबली कौर, संध्या मंडलोई ने बताया कि प्रत्येक रविवार की सुबह 10 बजे से पौधरोपण का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में रमेश शर्मा, दीपक मिश्रा, राजेंद्र सिंह, अजीत चौधरी, विकास कुलश्रेष्ठ, रमेश त्रिपाठी, भानु राव, संजय दत्ता, धनंजय चतुर्वेदी, कुलदीप सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल ठाकुर, कमलेश मंडलोई, एस ममता राव, मिथलेश शर्मा, सरला सिंह, चैताली दत्ता, ललिता सिंग, शकुंतला दास, सीता ठाकुर, ममता जैन, विनती चंद्राकर, हरजिंदर कौर, गुड्डू शर्मा, शुभनीत कौर उपस्थित थे।

## गुण्डिचा मंडप सेक्टर-10 में मंचित नृत्य नाटिका रामकथा ने बटोरी तालियां

# प्रभु की भक्ति में भाव-विभोर हुए भक्त, गुंडिचा मंडप से श्री मंदिर लौटेंगे महाप्रभु, आज बहुड़ा यात्रा

**भिलाई।** महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ आठ दिन मौसी के घर रहने के बाद सोमवार को बहुड़ा यात्रा करते हुए वापस श्री मंदिर जायेंगे। इस दौरान भगवान का दर्शन करने व रथ खीचनें हजारों की संख्या में भक्त पहुंचेगे। जगन्नाथ समिति सेक्टर-4 के तत्वावधान में सेक्टर-10 में निर्मित भव्य गुण्डिचा मंडप में रविवार को सात दिवसीय भागवत कथा का हवन पूजन के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। वहीं सेक्टर 10 में आयोजित संगीत संध्या में शिव शक्ति अकेडमी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत राम कथा नृत्य नाटिका ने अंत तक दर्शकों को बांधे रखा। सुनयना नायर के निर्देशन में 28 नन्हें कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। संस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल हरशरणजीत कौर तथा समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक द्वारा सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन त्रिनाथ साहू तथा रंजन महापात्र ने किया।



### गुंडिचा मंडप को फूलों से सजाकर बनाया फूल महल



रविवार को सेक्टर 6 ए मार्केट गुंडिचा मंडप को फूलों से सजाकर फूल महल का रुप दिया गया था। फूल महल में जगन्नाथ स्वामी का सुबह 5 बजे पूजा पाठ कर सुगंधित फूलों से श्रृंगार किया गया और पाट वस्त्र धारण कराया गया। रविवार को अन्नप्रसाद वितरण के अंतिम दिन भक्त भगवान के हांडी का भोग ग्रहण करने पहुंचे थे। शाम 3 बजे से रामकथा में स्वामी रामज्ञानी महाराज द्वारा राम कथा में भरत चरित्र के साथ राम कथा को विश्राम दिया गया। शाम 7 बजे विशेष आरती का आयोजन एवं प्रसाद वितरण भी भक्तों को किया गया। 7.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति महिलाओं द्वारा की गई। आयोजन समिति सेक्टर 6 के पं तुषारकांत महापात्र, अध्यक्ष दिलीप मोहंती, महासचिव अरुण पांडा, शरद विशाल, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष सहित सभी पदाधिकारी आज निकलने वाली बहुड़ा यात्रा की तैयारी में लगे हुए है।

### छेरापंहरा की रस्म निभाएंगे महापौर

सोमवार को 3 बजे गुंडिचा मंडप सेक्टर 10 से बहुड़ा रथयात्रा निकाली जाएगी। बहुड़ा यात्रा में छेरापंहरा की रस्म भिलाई महापौर नीरज पाल संपन्न करेंगे। वहीं नौ दिवसीय इस उत्सव में समिति पदाधिकारी त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, वृंदावन स्वांई, प्रकाश दास, कालू बेहरा, निरंजन महाराणा, रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, राजू बेहेरा ,रवि स्वांई, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहरा, वी के होता, कैलाश पात्रो, शंकर दलाई ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### भक्त को भगवान से जोड़ती है जगन्नाथ रथयात्रा

रथयात्रा में मान्यता है कि अपने उपर चढ़े हुए पापों को त्याग कर मृत्यु उपरांत मोक्ष को प्राप्त होता है। रथ में स्थित पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण, बलभद्र और सुभद्राजी का दर्शन करके मनुष्य अपने करोड़ों जन्मों के पापों का नाश कर लेता है। रथ मार्ग में जो भक्त भगवान को साष्टांग प्रणाम करते हैं, वे अनादिकाल से अपने ऊपर चढ़े हुए पाप कृत कर्मों को त्यागकर मुक्त हो जाते हैं। यात्रा के दौरान नृत्य कर भगवान का गीत गाते हैं, वे अपनी पीड़ाओं को वहीं छोड़कर अपने जीवन के सुख में वृद्धि करते हैं। जो भक्त रथ यात्रा में रथ नहीं खींचा है वह यदि भगवान का नवमी दर्शन कर लेता है तो उसे वही सभी पुण्य प्राप्त होते हैं जो रथ को खींचने से होते हैं रथ वापसी में भी रस खींचने से पुण्य मिलता हैं।

## सिटी लाइव

# बच्चों की शिक्षा की राह आसान करने दी गई पाठ्य सामग्री



**भिलाई।** सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने शिक्षा अभियान के अंतर्गत तीसरा चरण रविवार को शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन मरोदा-2 में आयोजित किया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से सभी बच्चों का स्वागत किया गया। संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए करियर निर्माण में चुनौतियों का सामना करने तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से भविष्य में भी वंचित बच्चों के लिए हर संभव पहल की जाएगी, जिससे बच्चे अपनी शिक्षा की राह आसान कर सकें। इस दौरान फाउंडेशन द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। वहीं सत्र 2023-24 में अपनी-अपनी कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पाठ्य सामग्री पा कर सभी बच्चे बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सावित्री वर्मा, शिक्षक अंशिता मिश्रा, ओमप्रकाश जंघेल, रवि कुमार सिस्ता और शाला के सभी स्टाफ मौजूद थे।

- जीई फाउंडेशन का शिक्षा अभियान का तीसरा चरण मरोदा में

## विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम

# परिवार नियोजन व लैंगिक समानता पर हुई चर्चा, जागरूक करने चलाया अभियान





**भिलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विचारों की अभिव्यक्ति एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संयोजिका प्रोफेसर डॉ सावित्री शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उन्हें परिवार नियोजन, लैंगिक समानता और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक कराना है। जनसंख्या दिवस पर इस वर्ष किसी को पीछे ना छोड़े, सभी की गिनती करें की थीम पर रखा गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश की उन्नति में बड़ी बाधा है। यह सुनिश्चित करना ही होगा कि हमारे आने वाली पीढ़ियां भी उन विशेषाधिकारों और संसाधनों का आनंद ले सके, जिसे हम अभी उपभोग कर रहे हैं। उन्होंने रामायण एवं महाभारत के प्रसंग के माध्यम से जनसंख्या संतुलन पर विशेष प्रकाश डाला कि किस तरह प्रकृति भी जनसंख्या संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं को विवेकानंद के ब्रह्मचर्य पालन संदेश को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि समाज में अनेक ऐसी रोल मॉडल महिलाएं हैं जिन्होंने निर्धन, अनाथ बच्चों को गोद लेकर इस जनसंख्या नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विकसित भारत की पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महाविद्यालय द्वारा संकल्प लिया गया। महाविद्यालय की कल्पतरु सेवा समिति परिवार कल्याण एवं जनसंख्या नियंत्रण के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। डॉ मंजू कनौजिया ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभागअध्यक्ष डॉ शमा बेग ने बताया कि जो जनसंख्या 2050 तक होनी थी, उसे हम आज ही प्राप्त कर चुके हैं। जो बेहद चिंता का विषय है। इससे कुपोषण, चिकित्सा सुविधा एवं सरकार की सभी योजनाएं प्रभावित होती हैं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक ज्योति मिश्रा एवं आभार व्यक्त सहायक प्राध्यापक गोल्डी राजपूत ने किया।



## अभियान

# प्रियदर्शनी परिसर में 50 पौधों को रोपित कर लगाया ट्री गार्ड



**भिलाई।** कला व पर्यावरण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था आर्टकॉम द्वारा मानसून शुरु होने के साथ ही निरंतर पौधरोपण कर वितरण का कार्य कर रही है। हरियाली को लेकर प्रयासरत संस्था भिलाई के पटरी पार के क्षेत्र को पौधे रोपण व पौधों का वितरण कर बदला है। संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में मुंबई, पुणे, बैंगलोर जैसे बड़े शहरों में आर्टकॉम पौधरोपण के माध्यम से अपनी उपस्थिती दर्ज करायेगी व वृक्षारोपण के लिए जन मानस को जागृत करने का प्रयास करेंगी। आर्टकॉम द्वारा प्रियदर्शनी परिसर में 50 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें संस्था के करमजीत सिंह, अमिताभ भट्टाचार्य, गुरनाम सिंह, शारदा गुप्ता, सीपी पटेल, बंट्टी नाहर, विजय गुप्ता, श्री राम, भास्कर तिवारी, नीलकमल सोनी, रविंद्र देवांगन सहित अन्य जन उपस्थित थे।

### नीम, आंवला, गुलमोहर के लगाए पौधे



**भिलाई।** टीम ऑक्सीजोन एनवायरमेंट सोसायटी द्वारा बीआर अंबेडकर ग्राउंड प्रियदर्शनी परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया। जिसमें नीम, आंवला, गुलमोहर, बेल के पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की देख रेख करने की जिम्मेंदारी भी सदस्यों ने ली। कार्यक्रम में ऑक्सीजोन ग्रुप के हेमंत राव, अनिल कुमार देवांगन, अंचल यादव, अभिलाष सिंग, विवेक वर्मा, नीरज नायक, आशीष, ज्योत्सना, लक्की अग्रवाल, नेहा त्रिपाठी, माही, सागर अग्रवाल, संजना सहित अन्य जन उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में वर्तिका की रही सहभागिता



**भिलाई।** पिछले दिनों मुम्बई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दुर्ग की वर्तिका श्रीवास्तव ने सहभागिता की है। हुडको भिलाई के स्कूल से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण वर्तिका ने एमआईटी, पुणे से बीजेएमसी स्नातक डिग्री प्राप्त की हैं। वर्तिका कोलकाता पश्चिम बंगाल स्थित विश्व प्रसिद्ध संस्थान सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में स्नातकोत्तर स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक एंड मीडिया मैनेजमेंट की पढ़ाई कर वे वर्तमान में एक्जूक्यूटीव प्रोडयूसर का कोर्स कर रही है। मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के दौरान वर्तिका ने देश-विदेश के ख्याति प्राप्त फिल्म कलाकारों, प्रोड्यूसरों, निर्माता निर्देशकों से विचार विमर्श किया तथा एक्जूक्यूटीव प्रोडयूसर के कार्यों एवं आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कोलकाता में अपने स्नातकोत्तर अध्ययन के दौरान वर्तिका ने जादू-टोना, अवस्यक छात्राओं द्वारा गर्भधारण जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण किया है। वर्तिका द्वारा बनाई गई लघु फिल्म शो मस्ट गो ऑन में सर्कस में कार्य करने वाले कलाकारों व अन्य श्रमिकों की जीवन में आने वाले कठिनाईयों के सजीव चित्रण की सभी वर्गों ने सराहना की थी। वर्तिका साइंस कॉलेज दुर्ग के भूविज्ञान के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा में हिन्दी की व्याख्याता डॉ. सरिता श्रीवास्तव की पुत्री हैं।

- जादू-टोना और गंभीर मुद्दों पर बना चुकी है डाक्यूमेंट्री फिल्म

## इनरव्हील क्लब ऑफ़ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के पदाधिकारियों ने ली शपथ

# निःस्वार्थ भाव से सेवा करने लिया संकल्प पौधे वितरित कर सहेजने का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पूर्व सदस्यों से ली सीख

**भिलाई।** इनरव्हील क्लब ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट 326 का शपथ ग्रहण समारोह सत्र 2024-25 का आयोजन भिलाई के होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रसिका बहादुर व चित्रा बहादुर द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रसिका बहादुर ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह किसी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से कम नहीं है क्योंकि पदाधिकारी सत्य, निष्ठा और नि स्वार्थ सेवा की भावना से कार्य करने का संकल्प लेते हैं। चित्रा बहादुर ने नव निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दी।

नव निर्वाचित अध्यक्ष निधि देशलहरा ने सभी से सहयोग व सेवा कार्यों के लिए आह्वान किया और सभी महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हर संभव प्रयास करने की बातें कही।



### सेक्रेटरी नताशा दुआ ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी

भूतपूर्व अध्यक्ष मांडवी गुप्ता ने पिछले सत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए टीम का सम्मान किया। अर्ली बर्ड का प्राइज पुष्पा तिवारी को मिला। सदस्यों में उत्साह बनाए रखने के लिए ऑनलाइन भजन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्लब की सदस्या निर्मला लुनिया द्वारा ज़रूरतमंद मेधावी बच्ची को बी टेक की पढ़ाई जारी करने के लिए 5100 रू प्रदान किए। इस दौरान मांडवी गुप्ता, सचिव नताशा, कोषाध्यक्ष वर्षा झाँवर, उपाध्यक्ष पारुल जायसवाल, एडिटर मोनिका खेतान, सह सचिव पल्लवी गुप्ता, सपना जैन, प्रोजेक्ट हेड राखी नागरिया, नीति बल्लेवार, आईएसओ संगीता राजगढ़िया के साथ नए 7 सदस्यों ने भी शपथ ली। संगीता राजगढ़िया ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि क्लब का इस बार का मोटो हार्टबीट ऑफ़ हिम्युनिटी है। नए सदस्यों ने सेवा कार्य में लगे हुए आठ डॉक्टरों व सीए का भी सम्मान मोमेंटो देकर किया।

### पौधारोपण का बताया महत्व

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने उपस्थित जनों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए पौधा उपहार में दिया। संस्था की उपाध्यक्ष पारुल जायसवाल ने सभी को अधिक से अधिक पौधरोपण करने प्रेरित किया। प्रोजेक्ट हेड रखी नगरिया व नीति बल्लेवार ने बताया कि भिलाई सेक्टर- 3 स्थित फील परमार्थम में टीम व सदस्यों के साथ जाकर बुजुर्गो व मानसिक विक्षिप्त लोगों के लिए नाश्ता और डाइपर क्लब द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वोट ऑफ थैंक्स नताशा दुआ ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 17 से



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिये खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक (03 दिवस) सुबह 7:00 बजे से किया जाएगा। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यो के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें पहले दिन खिलाड़ियों का पंजीयन एवं दस्तावेज परीक्षण, मेडिकल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में होगा। द्वितीय एवं तृतीय दिन खेल कौशल परीक्षण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच -01, रायपुर में किया जावेगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। छात्रावासी खेल अकादमी मे खेल के अनुसार निर्धारित संख्या बालिका 30 सीट है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी का चयन परीक्षण निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जायेगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है ।

### शतरंज की जूनियर स्टेट चैंपियनशिप 26 से



**रायपुर।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सहयोग से मुंगेली में मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा जूनियर चेस चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा में 19 वर्ष से नीचे के बालक - बालिका भाग ले सकते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमन्त खुटे ने बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश टीम बनेगी जिसमें दोनों वर्गों से 4-4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। इस स्पर्धा को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली हुई है जिससे शतरंज के उदीयमान खिलाड़ी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त कर सकते है वहीं पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी रेटिंग में इजाफा कर सकते हैं। इस स्पर्धा के बालक वर्ग में विजेता को 7000 रुपए व ट्रॉफी तथा उप विजेता को 5000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान किए जायेंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 3000 हजार, 2000 हजार एवं 1500- 1500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा । इसी तरह से बालिका वर्ग में विजेता को 5000 रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 4000 हजार रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दिए जायेंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 3000 रूपये, 2000 रुपए एवं 1500 - 1500 व मोमेंटो इनाम के रूप में मिलेगा। स्पर्धा स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेला जाएगा। प्रतिभागियों को पूरे चक्र खेलना होगा। सर्वाधिक अंकों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। प्रत्येक खिलाड़ियों को स्पर्धा के दरमियान 1-1 घंटा का समय प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का इंक्रीमेंट के साथ दिया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ में निवासरत कोई भी इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते है। सभी खिलाड़ियों का वर्तमान में राज्य संघ व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से जीवित पंजीयन आवश्यक है। इस स्पर्धा में 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर व सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए विशेष छूट के तहत 50 प्रतिशत रियायत देते हुए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। खिलाड़ियों के रुकने हेतु निशुल्क डॉरमेट्री की व्यवस्था की गई है। उक्त स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 जुलाई रात्रि 9 बजे तथा 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 22 जुलाई रात्रि 9 बजे निर्धारित है।

कई गंभीर बीमारियों की वजह बनता है बढ़ता वजन, रहें सावधान

# लगातार बढ़ता वजन होता है घातक नियंत्रित करने अपनाएं जरूरी उपाय

वजन बढ़ना मौजूदा समय की गंभीर समस्या है जिसे कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। अधिक वजन को हृदय रोगों, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म की समस्या को बढ़ाने वाला भी माना जाता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को वजन को कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। क्या आप भी अधिक वजन की समस्या के शिकार हैं? अगर हां तो इसे कंट्रोल में करने के लिए उपाय करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रात के समय की हमारी कुछ आदतें वजन को कंट्रोल करने में मदद कर सकती हैं, इनपर ध्यान दिया जाना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वजन को कंट्रोल करने के लिए लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखना जरूरी हो जाता है। इसमें शाम के समय की आदतों का विशेष महत्व माना जाता है। आप किस तरह की चीजें खाते हैं, दिनचर्या कैसी है, इसका भी संपूर्ण स्वास्थ्य और वजन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?



### लाइफस्टाइल को रखें ठीक

जब आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हों, तो स्वास्थ्यवर्धक भोजन और नियमित रूप से वर्कआउट करना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके अलावा दिनचर्या में कुछ और छोटे-छोटे बदलावों पर भी सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने और सेहत में सुधार के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?



### अच्छी नींद बहुत जरूरी

वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं तो नींद की गुणवत्ता को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए जरूरी है कि आप रोजाना एक ही समय पर सोएं और जागें। एक शेड्यूल का पालन करने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती है। गुणवत्तापूर्ण नींद लेना वजन घटाने की योजना में आपके लिए लाभकारी हो सकती है। डाइटिंग के दौरान अगर आप नींद को ठीक नहीं रखते हैं तो यह भी वजन बढ़ाने वाली हो सकती है।


### शारीरिक गतिविधि पर दें ध्यान

वजन को कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें। शाम के समय शारीरिक गतिविधि इसमें आपके लिए मददगार हो सकती है। उच्च तीव्रता वाले व्यायाम आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए हमेशा शाम के समय हल्के स्तर के ही व्यायाम करना चाहिए। बहुत देर तक वर्कआउट न करें। सोने से कम से कम एक घंटा पहले व्यायाम नहीं करना चाहिए।

### रात के भोजन का रखें ध्यान

रात के समय भोजन पर ध्यान देना वजन को कंट्रोल करने में आपके लिए मददगार हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हल्का डिनर करने की सलाह देते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से तेजी से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि रात के समय हल्का भोजन करें और भोजन के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं। भोजन का समय भी वजन को कंट्रोल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## हथेली पर है ऐसी रेखा तो हो जाएं सावधान



किसी के जीवन के बारे में परिणाम प्राप्त करने के लिए किसी की हथेली को पढ़ने की कला को हस्तरेखा विज्ञान के रूप में जाना जाता है। वैदिक ज्योतिष के क्षेत्र में, हस्तरेखा विज्ञान को मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए अभिन्न माना जाता है। हस्तरेखा शास्त्र विवाह, करियर, प्रेमसंबंध, आय जैसे तमाम पहलुओं की जानकारी देता है। हस्तरेखा विज्ञान में हथेली पर बनने वाले कुछ योग को अशुभ और कुछ को बहुत शुभ बताया गया है। हम आपको हथेली में बनने वाले कुछ ऐसे ही अशुभ संकेतों के बारे में जानकरी दे रहे हैं।

### हथेली के अशुभ संकेत

जिस जातक के हाथ में बहुत ही छोटी सूर्य रेखा हो और वह हृदय रेखा के पास जाकर ही समाप्त हो जाती हो उसे मनचाही नौकरी पाने में बहुत संघर्ष करना पड़ता है। यदि हथेली के सूर्य पर्वत पर 3-4 रेखाएं हो और वह सभी आपस में एक दूसरे को काट रही हो तो यह करियर के लिए बहुत ही हानिकारक मानी जाती हैं।

यदि हथेली में सूर्य पर्वत चपटा या नीचे की ओर धंसा हुआ हो तो ऐसे लोगों का करियर कभी भी ठीक नहीं रहता है। इन्हें बार-बार करियर में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार विवाह रेखा भी बहुत महत्वपूर्ण है। यह रेखा हाथ में सबसे छोटी उंगली के नीचे होती हैं और हथेली के बाहरी हिस्से से अंदर की ओर आती हुई दिखती हैं। यदि एक से ज्यादा विवाह रेखाएं हों तो व्यक्ति के एक से ज्यादा प्रेम सम्बन्ध होते हैं । विवाह रेखा यदि लंबी हो तो जातक के विवाहेत्तर सम्बन्ध रहते हैं। विवाह रेखा पर यदि तिल है तो जीवन साथी की जिंदगी के लिए खतरा है। ऐसी स्थिति में या तो जीवनसाथी की मौत हो सकती है या वह किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति हो सकता है। यदि विवाह रेखा की शुरुआत दो हिस्सों में बंटी हो या उससे कोई शाखा निकलती हो तो ऐसे जातकों का तलाक होने या रिश्ते में दूरी आने की आशंका रहती है। यदि विवाह रेखा नीचे की ओर झुकी हुई और हृदय रेखा को काट दे तो यह जीवनसाथी की मृत्यु होने का संकेत देता है। यदि विवाह रेखा ऊपर की ओर मुड़कर छोटी उंगली तक पहुंच जाए तो ऐसे लोगों की शादी या तो होती ही नहीं है या बहुत मुश्किल से होती है। शनि अगर द्वादश भाव में उच्च राशि में हो या शुभ हो तो जातक विदेश जाकर बस जाता है। उसे अपने जन्म स्थान से दूर ही प्रसिद्धि प्राप्त होगी।

## घर में बना रहता है तनाव, तो अपनाएं फेंगशुई के उपाय



फेंगशुई के अनुसार, दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम में लाल रंग के गुलाब के फूल रखने चाहिए। यदि फूल संभव न हो तो लाल रंग के गुलाब के फूल की फोटो रखने से भी लाभ होता है। फेंगशुई के मुताबिक दांपत्य जीवन में सुख-शांति और मधुरता के लिए घर की दीवार में सफेद घोड़े की पेंटिंग लगाने से प्रेम संबंध प्रगाढ़ होता है। फेंगशुई में भी जीवनसाथी की तस्वीर बेडरूम में लगाना शुभ बताया गया है, हालांकि, इस दौरान एक बात का ध्यान रखें कि दोनों की तस्वीर हंसते हुए होनी चाहिए। घर में जीवनसाथी के साथ तनाव चल रहा है तो घर में परिंदों की फोटो, पेंटिंग या पोस्टर लगाना चाहिए। इससे घर में सुख-शांति का माहौल बने रहता है और जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध स्थापित होते हैं। फेंगशुई के अनुसार घर में डॉल्फिन की तस्वीर लगाने से भी वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। डॉल्फिन की फोटो खेलते या डांस करते हुए होनी चाहिए।



## बालों को घना और लंबा करने रोजाना करें ये योगासन

महिलाएं हों या पुरुष, सभी के लिए बाल उनके शरीर का वह अहम भाग है जो लुक को अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बनाता है। हालांकि मौसम, प्रदूषण, पौष्टिक आहार की कमी और गलत जीवनशैली का असर लोगों के बालों पर होता है। कई लोगों के बाल तेजी से झड़ने लगते हैं। बाल झड़ने के साथ ही उनकी ग्रोथ भी रूक जाती है। इसके अलावा उम्र से पहले बाल सफेद होने की भी समस्या हो सकती है। मानसून के मौसम में तो बाल झड़ने की शिकायत लगभग हर किसी को रहती है। बालों को लंबा, घना और काला बनाए रखने के लिए कई तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि इन प्रोडक्ट्स का कई बार साइड इफेक्ट हो सकता है और बाल झड़ने की समस्या में इजाफा हो सकता है। ऐसे में अगर बालों को घना और लंबा करना है तो नियमित योगासनों का अभ्यास फायदेमंद हो सकता है। चलिए जानते हैं बालों की सेहत के लिए लाभकारी योगासनों के बारे में।



**शीर्षासन:** इस आसन से सिर की ओर रक्त प्रवाह बेहतर तरीके से होता है। शीर्षासन के अभ्यास से तनाव दूर हो सकता है, साथ ही बालों की ग्रोथ अच्छी होती है। अगर आपके बाल झड़ रहे हों और बेजान हो रहे हैं या फिर समय से पहले बाल सफेद हो रहे हों तो शीर्षासन का अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए दोनों हाथों को सिर के पीछे ले जाएं और नीचे झुकते हुए सिर को नीचे की ओर रखें। अब शरीर का संतुलन बनाते हुए अपने पैरों को ऊपर ले जाएं। सिर के बल खड़े रहते हुए संतुलन बनाते हुए सीधे हो जाएं।

**बालासन:** पेट संबंधी समस्याओं और तनाव से राहत पाने के लिए बालासन का अभ्यास कर सकते हैं। पेट की समस्या और तनाव के कारण ही बाल झड़ने लगते हैं। इसलिए बालों की ग्रोथ और घने करने के लिए बालासन फायदेमंद हो सकता है। इस आसन को करने के लिए घुटनों को मोड़कर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब हाथों को ऊपर की ओर ले जाते हुए गहरी सांस लें। फिर सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं। इस अवस्था में सिर जमीन पर लगा रखें और पेट जांघों पर रखें।

**त्रिकोणासन:** अगर समय से पहले बाल सफेद हो रहे हैं और बालों में रूखापन है तो त्रिकोणासन का अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए दोनों पैरों को कुछ दूरी पर रखकर खड़े हो जाएं। अब हाथों और कंधों को सीध में रखते हुए ऊपर उठाएं। दाहिनी ओर झुकते हुए दाहिने हाथ से पैर को छुएं। इस दौरान बाएं हाथ को आसमान की ओर उठाएं। यह प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**भुजंगासन:** बालों को घना, काला और लंबा बनाने के लिए भुजंगासन का अभ्यास नियमित करें। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेटकर पैरों को आपस में मिला लें। अब हथेलियों को सीने के पास कंधों की सीध पर रखते हुए माथे को जमीन पर रखें। गहरी सांस लेते हुए शरीर के आगे के हिस्से को ऊपर उठा लें। हाथों को सीधा करते हुए इसी मुद्रा में कुछ सेकंड रहें। फिर सांस छोड़ते हुए सामान्य मुद्रा में वापस आ जाएं।



कार्नर न्यूज

कुछ संकेतों से आप कर सकते हैं ऐसे दोस्तों की पहचान

# क्या आप रखते हैं 'रेड फ्लैग' दोस्त की पहचान, इनसे दूरी बनाना ही बेहतर

दोस्ती का रिश्ता परिवारिक रिश्तों से भी काफी बढ़कर होता है। कई बार ऐसा होता है कि हम अपने मन की बातें परिवारवालों को नहीं बता पाते, लेकिन दोस्त हमारे मन की बात बिना कहे समझ जाते हैं। सच्चा दोस्त आपकी खुशी के साथ-साथ गम और मुसीबत के समय में भी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि ये दोस्ती एक तरफ से ही चलती है। यानी कि आप तो अपने दोस्त के लिए हर कदम साथ खड़े हैं, लेकिन जब आपको जरूरत होती है तो आपका दोस्त आपके साथ नहीं होता। हर किसी की जिंदगी में भी कई दोस्त ऐसे हैं जो मुसीबत के समय सबसे पहले भाग खड़े होते हैं, तो ऐसे दोस्तों से दूरी ही बनाकर रखें। ऐसे दोस्तों को ही रेड फ्लैग कहते हैं। रेड फ्लैग दोस्तों की पहचान करना महत्वपूर्ण होता है ताकि आप अपने जीवन में सही लोगों को चुन सकें। यहां कुछ संकेत दिए गए हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं कि कोई दोस्त रेड फ्लैग है या नहीं।



**स्वार्थी व्यवहार:** यदि आपका दोस्त हमेशा अपने बारे में सोचता है और आपकी जरूरतों को नजरअंदाज करता है, तो यह एक रेड फ्लैग हो सकता है।

**भरोसा तोड़ना:** अगर आपका दोस्त आपके भरोसे का बार-बार दुरुपयोग करता है, तो यह एक बड़ा चेतावनी संकेत है। अक्सर देखा जाता है कि सामने वाला तो आपको बार-बार धोखा दे रहा है लेकिन आप दोस्ती के खातिर उसे माफ कर देते हैं। ये आगे चलकर खतरनाक साबित हो सकता है।

**आपको नीचा दिखाना :** यदि आपका दोस्त हमेशा आपकी आलोचना करता है और नेगेटिविटी फैलाता है, तो ये एक संकेत हो सकता है कि वह आपका सच्चा दोस्त नहीं है। एक अच्छा दोस्त हमेशा आपको मोटिवेट करेगा और गलत काम करने से भी रोकेगा।

**झूठ बोलना:** अगर आपका दोस्त बार-बार झूठ बोलता है और आपसे चीजें छुपाता है, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि वह भरोसे के लायक नहीं है। ऐसे लोगों से दूरी बनाएं।

**नहीं करना भावनात्मक समर्थन:** आज के समय में लोगों की मेटल हेल्थ काफी खराब है। ऐसे में अगर आपका दोस्त आपके साथ भावनात्मक समर्थन के लिए नहीं होता और आपकी समस्याओं को हल्के में लेता है, तो यह भी एक रेड फ्लैग हो सकता है।

**पीठ पीछे बुराई:** आपका सच्चा दोस्त भले ही आपका मजाक उड़ा ले लेकिन वो कभी पीठ पीछे आपकी बुराई नहीं करेगा। आपकी अनुपस्थिति में आपकी गलती को भी कवर करने की कोशिश करेगा, ताकि आपकी छवि खराब न हो।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इस दिन परदे पर उतरेगा नया कैप्टन अमेरिका, दोस्ती के सबसे बड़े दिन



मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है।

टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है, क्योंकि रॉस का मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) में सुपरहीरो के साथ एक जटिल इतिहास रहा है, जो अक्सर सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी के बीच झूलता रहता है। 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में विल्सन और रॉस के बीच गठबंधन गतिशीलता में बदलाव का सुझाव देता है, जो राजनीतिक साजिश, नैतिक दुविधाओं और उच्च जोखिम वाली कार्रवाई से भरी कहानी का वादा करता है। टीजर गहन दृश्यों से भरा हुआ है, जो सैम विल्सन की चपलता और ताकत को प्रदर्शित करता है क्योंकि वह नए खतरों से लड़ते हैं और वैश्विक राजनीति के जटिल परिदृश्य को नेविगेट करते हैं। कार्ल लुंबली यशायाह ब्रैडली के रूप में अपनी भूमिका को दोहराएंगे, एक अलौकिक चरित्र जिसे पहली बार एमसीयू की 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर' सीरीज में पेश किया गया था। इसके अतिरिक्त डैनी रामिरेज अमेरिकी वायु सेना में पहले लेफ्टिनेंट जोकिन टोरेस के रूप में लौटेंगे।

### टॉलीवुड

## 'द गोट लाइफ' से इस माह ओटीटी के दर्शक होंगे रूबरू



साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' मार्च में रिलीज हुई और तुरंत ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गई। फिल्म को आलोचकों और फिल्म प्रेमियों से सकारात्मक समीक्षा मिली, जो अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। अब तक, यह 2024 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म है। फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया और इसे हटाए जाने के तुरंत बाद फिल्म प्रेमी इसके ओटीटी पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, वे इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार अब उनके इंतजार खत्म होने का समय आ गया है, क्योंकि निर्माताओं ने 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' की ओटीटी रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक एलान कर खुलासा किया है कि यह फिल्म इस महीने ओटीटी पर दस्तक देने आ रही है। मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित यह सर्वाइवल ड्रामा 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर के लिए तैयार है। यह फिल्म पांच क्षेत्रीय भाषाओं मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध होगी। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने फिल्म का पोस्टर जारी किया। कैप्शन में लिखा गया, 'साहस, उम्मीद और अस्तित्व की कहानी। इधु नजीबिंते अथिजीवन कथा। आडुजीविथम 19 जुलाई को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है।'

कहानी की बात करें तो यह फिल्म मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब पर आधारित है।

### भोजपुरी

## तोशी का लोकगीत 'दहेज मेरे बाप का' रिलीज, कायल हुए फैंस



सिंगर गोल्डी यादव और एक्ट्रेस तोशी द्विवेदी का दहेज पर आधारित गाना 'दहेज मेरे बाप का' रिलीज हो गया है। दहेज पर आधारित इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिशियल चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को गोल्डी यादव ने गाया है और गाने पर तोशी द्विवेदी ने बेहतरीन डांस किया है। इस गाने को सुनने के बाद गोल्डी की आवाज का हर कोई कायल हो गया है। गाने के वीडियो की बात करें तो इसमें एक्ट्रेस तोशी द्विवेदी इंडियन लुक में साड़ी पहनकर बेहद ही खूबसूरत अंदाज में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक है। वह अपने डांस मूव्स और नजाकत से ऑडियंस को क्रेजी करती नजर आ रही हैं। इस गाने का फिल्मांकन बहुत ही बेहतरीन किया गया है। यह लोकगीत एक सिचुएशनल सॉन्ग है, जिसमें दिखाया गया है कि पति-पत्नी के मधुर रिश्तों के बीच में दहेज जैसी कुप्रथा कैसे आड़े आती है।गाने में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि कैसे एक पत्नी अपने पति को अपनी हर बात मनवाने की कोशिश कर रही है और पिता द्वारा शादी में दिए गये दहेज की बात याद दिला रही है। वह कहती है कि घर में जो कुछ भी है वह सब मेरे पिताजी द्वारा दहेज में दिया गया है। वह कह रही है कि जब दहेज के रूप में आपकी सब डिमांड मेरे पिताजी ने पूरी किया है।

## यादों का फैशन

लाइफ स्टाइल



फैशन डिजाइनर रिकार्डो टिस्सी ने बरबरी के लिए अब तक के अपने सबसे निजी संग्रह के साथ लंदन फैशन वीक का समापन किया, जिसका शीर्षक था ₹मेमोरीज़₹ यानि यादें। यह शो वेस्ट लंदन के ओलंपिया प्रदर्शनी हॉल में आयोजित किया गया। अर्का के नाम से बेहतर पहचान रखने वाले वेनेजुएला के संगीतकार एलेजांद्रो गेर्सी और फ्रांसीसी बहनें कैटिया और मैरिएल लेबेक ने मिरर रनवे पर रखे दो भव्य पियानो पर फ्रांज शूबर्ट और फिलिप ग्लास के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

## नाखूनों पर चढ़ गया है मेहंदी का रंग तो अपनाएं ये तरीके



हर त्योहार पर मेहंदी लगाने का रिवाज है। हाथों पर मेहंदी लगाने से हाथों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है, पर कई बार ये देखने में आता है कि मेहंदी लगाते वक्त ये नाखूनों में लग जाती है।

हाथों में लगी मेहंदी तो कुछ दिन में हट जाती है लेकिन नाखूनों की मेहंदी लगी रह जाती है। उसे हटाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर आपके नाखूनों में मेहंदी के दाग रह गए हैं तो नारियल तेल की मदद से आप इसे साफ कर सकती हैं। इसे इस्तेमाल करना काफी आसान है।

इसके लिए पैन में पानी गर्म करें। पानी गर्म करते वक्त ध्यान रखें कि ये ज्यादा गर्म ना हो। अब अपने नाखूनों पर नारियल का तेल लगाएं। नारियल का तेल कुछ देर लगे रहने के बाद गुनगुने पानी में हाथों को डुबो दें। इसके बाद अपने नाखूनों को आपस में हल्के हाथ से रगड़ें।

कुछ देर में आपको इसका असर दिख जाएगा। नाखूनों पर से मेहंदी के दाग हटाने के लिए आप चीनी और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको किसी तरह का नुकसान नहीं उठाना होगा। चीनी और नींबू इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले छोटी कटोरी में चीनी ले लें। अब इसमें नींबू का रस डालकर घोल बनाएं। अब इसे नाखूनों पर लगाकर नाखून आपस में हल्के हाथ से रगड़ें। कुछ देर बाद हाथों को पानी से धो लें।

## पुराने स्टाइलिश लहंगे देंगे आपको नया लुक, इन्हें जरूर आजमाएं




यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाएं अपने त्यौहारों की काफी पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। महिलाएं महीने भर पहले ही प्लान बना लेती हैं कि इस बार व्रत के दिन क्या पहनना है। व्रत के लिए महिलाएं चाहती हैं कि वह इस दिन सबसे ज्यादा खूबसूरत दिखें। जिन महिलाओं का शादी के बाद पहला व्रत होता है, वह ज्यादातर इस दिन अपनी शादी का जोड़ा पहनती हैं। भला यही तो मौका होता है, जब महिलाएं लहंगा पहनना पसंद करती हैं। हालांकि, समस्या यह होती है कि पुराने लहंगे में नया लुक नहीं मिलता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप शादी के लहंगे को दोबारा पहन न्यू लुक पा सकती हैं।



### लहंगे के साथ पहनें इस तरह का ब्लाउज

त्यौहार या व्रत के दिन अपने पुराने ब्राइडल लहंगे में नया लुक पाने के लिए आप कॉन्ट्रास्ट कलर का ब्लाउज ट्राई कर सकती हैं। नए ब्लाउज से लहंगे को डिफरेंट लुक मिलेगा। अगर आप का लहंगा हैवी एंब्रॉयडरी वाला है, तो इसके साथ सिंपल ब्लाउज कैरी करें। लुक को इन्हांस करने के लिए ब्लाउज के नेक डिजाइन पर खास ध्यान दें। प्लंजिंग और डीप नेकलाइन ब्लाउज काफी सुंदर लगता है। ब्लाउज पर लटकन या डोरी लगवाने से यह दोगुना सुंदर लगेगा। ब्लाउज के स्लीव्स पर भी ध्यान दें। आप पफ स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। यह डिजाइन काफी पॉपुलर है।


### ब्राइडल लहंगे को नया लुक कैसे दें?

क्या आप कंफ्यूज हैं कि इस त्यौहार में क्या पहना जाए? अगर हम आपसे कहें कि इस दिन आप अपने ब्राइडल लहंगे को पहन सकती हैं? अब आप कहेंगी कि भला पुराने लहंगे में नया लुक कैसे मिलेगा। ऐसे में आज हम आपकी इस समस्या का समाधान लेकर आए हैं। ब्राइडल लहंगे में अलग लुक पाने के लिए आप दुपट्टे पर खास ध्यान दें। लहंगे के साथ आप हैवी दुपट्टा कैरी सकती हैं। इसके अलावा बाजार में आपको तरह-तरह के दुपट्टे डिजाइन मिल जाएंगे। इनमें गोटा पट्टी से लेकर मिरर वर्क डिजाइंस शामिल है।

### लहंगे को स्टाइल करने के टिप्स

लहंगे के साथ दुपट्टे को कई तरीकों से ड्रेप कर सकती हैं।

## मुल्तानी मिट्टी की मदद से आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे हो सकते हैं कम



देर रात तक जागने या किसी चीज पर ज्यादा स्ट्रेस लेने के कारण आँखों के नीचे काले घेरे बन जाते हैं। यह आपकी खूबसूरती को फीका करने का काम कर सकते हैं। आंखों के नीचे मौजूद डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

मुल्तानी मिट्टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व त्वचा के ऊपर मौजूद टैनिंग को हटाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व त्वचा के कालेपन को कम करने में मदद करती है। त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए मुल्तानी मिट्टी बेहद असरदार साबित होता है।

### क्या करें?

आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में करीब 1 से 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी की डालें। इसमें एलोवेरा के पौधे से पत्तियां तोड़कर और छीलकर जेल को निकाल लें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके आंखों क नीचे अंडर आई एरिया पर लगा लें। करीब 15 से 20 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद लेकर इसे साफ कर लें। इस अंडर आई पैक को आप हफ्ते में 3 से 4 बार तक इस्तेमाल कर सकती हैं। इसका लगातार इस्तेमाल से आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे धीरे-धीरे कम होने लगेंगे।

## अगर करती हैं मेकअप शेयर तो संभल जाइए, परेशानियां बढ़ती हैं इससे



कई बार ऐसा देखा जाता है कि ऑफिस में और घर पर भी किसी कार्यक्रम में महिलाएं अपना मेकअप शेयर कर लेती हैं। एक ही ब्रश से वो दूसरों का टचअप भी कर लेती हैं और लिपस्टिक तक शेयर करती हैं। आपकी इस आदत की वजह से आपको त्वचा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### कभी शेयर ना करें लिपस्टिक

लिपस्टिक को सीधा होंठों पर लगाया जाता है। ऐसे में अगर आप इसे किसी से शेयर करेंगी तो उनके स्किन पर लगे कीटाणु आपकी स्किन पर प्रभाव डाल सकते हैं। अगर किसी के होठों पर किसी तरह इंफेक्शन हुआ तो आपके ऊपर भी उसका खतरा मंडराएगा।

**काजल :** आंखें मनुष्य के शरीर का काफी संवेदनशील हिस्सा होती हैं। ऐसे में काजल को कभी गलती से भी शेयर ना करें। काजल शेयर करने का सीधा प्रभाव आपकी आंखों पर पड़ सकता है। काजल के अलावा आईलाइनर शेयर करने से भी दूर रहें।

**ब्लश और हाईलाइटरः** इन दोनों चीजों को सीधा त्वचा पर अप्लाई किया जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि ये भी किसी से साझा ना करें क्योंकि किसी ने अगर सही से अपना ब्रश साफ नहीं किया होगा तो उसपर लगे कीटाणु आकी त्वचा को हानि पहुंचा सकते हैं।

**मस्काराः** आंखों की पलकों का वॉल्युम बढ़ाने के लिए मस्कारा इस्तेमाल किया जाता है। किसी और का इस्तेमाल किया हुआ मस्कारा आपकी आंखों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

**हो सकती हैं ये परेशानियांः** किसी का मेकअप शेयर करने से आपके चेहरे पर कई तरह का इंफेक्शन तेजी से फैल सकता है।

कार्नर न्यूज

### शादी से पहले बैचलर पार्टी देने की ख्वाहिश होती है हर नौजवान की

*शादी से पहले हर कोई अपनी बैचलर पार्टी रखी जाती है। इसके लिए आप इन आउटफिट को वियर कर सकती हैं। नौजवान अपनी शादी से पहले बैचलर पार्टी रखना पसंद करते है, जिसकी बैचलर पार्टी होती है वो अपने क्लोज फ्रेंड और करीबी लोगों को बुलाता है। इसको रखने का खास मकसद होता है शादी से पहले के कुछ दिनों को उनके साथ सेलिब्रेट करने का। ऐसे में लड़कियां हो या लड़कें, पहले से ही तैयारी करना शुरू कर देते हैं। अपने लिए अलग-अलग तरह की ड्रेस खरीदते हैं और उन्हें स्टाइल करते हैं।*

## अपनी बैचलर पार्टी में लगना है सबसे अलग, तो खुद के लिए ऐसे चुनें ड्रेस



**सीक्वेंस वर्क ब्लैक ड्रेस :** अगर आपको कुछ स्टाइलिश ड्रेस पहनने का मन है तो इसके लिए आप सीक्वेंस वर्क वाली ब्लैक ड्रेस को वियर कर सकते हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें स्टाइल करके आप पार्टी लुक को कंप्लीट कर सकते हैं। इसमें आप लॉन्ग ड्रेस ले सकते हैं। वरना आप चाहे तो बॉडीकोन ड्रेस भी वियर कर सकते हैं। लड़कियां इन आउटफिट के साथ हूप्स इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

**मैक्सी ड्रेस :** लड़कियों के लिए मैक्सी ड्रेस में कई तरह के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप वियर कर सकती हैं। ऐसे में आप चाहे तो स्लिट कट मैक्सी ड्रेस (पार्टी लुक्स) स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको नेक पर सीक्वेंस वर्क मिलेगा। इसकी नेकलाइन हॉल्टर होगी।

**बॉडीकॉन ड्रेसः** बॉडीकॉन ड्रेस का ऑप्शन भी बैचलर पार्टी के लिए बेस्ट है। इसमें लुक बेहद स्टाइलिश लगता है। इसी के साथ आप इसमें कई सारे ऑप्शन भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप सीक्वेंस वर्क वाले बॉडीकॉन ड्रेस, नेट ड्रेस और टेस्ल वर्क बॉडीकॉन ड्रेस वियर कर सकती हैं। आप इसमें कट स्लीव्स ड्रेस भी वियर कर सकती हैं वरना फुल स्लीव्स भी वियर की जा सकती है। मार्केट में इस तरीके की ड्रेस 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

